जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

कोटा

Rashtradoot

फोनः- 2386031, 2386032 फैक्सः- 0744-2386033 | वर्षः 48 | संख्याः 148 | प्रभात | कोटा, मंगलवार 14 मार्च, 2023 | कोटा/24/2012-14 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.



*अकादमी अवॉर्ड समारोह में तेलुगू फिल्म आर आर आर के गाने ''नाटू-नाटू'' को ''ओरिजनल सॉन्ग'' कैटगरी में ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। आर आर आर के इस गाने ने एक बार फिर इतिहास रच दिया है और एक बार फिर देश को गर्व करने का मौका मिला है। इससे पहले इस गाने को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड भी मिल चुका है। ऑस्कर अवॉर्ड नाइट में गायक राहुल सिप्लिगुंज और काल भैरव ने स्टेज पर ''नाटू- नाटू'' गाने पर लाइव परफॉरमैंस दी। इस दौरान स्टेडियम में मौजूद सभी लोग ''नाटू -नाटू'' की धुन पर झूम उठे। संगीतकार एम.एम. कीरावानी का यह गीत पिछले साल अमेरिका में फिल्म की रिलीज़ के बाद ग्लोबल सैन्सेशन बन गया था। हिंदी में यह गाना ''नाचो नाचो'', तमिल में ''नट्टू कूथु'' और कन्नड़ में ''हल्ली नातु'' के रुप में रिलीज किया गया था। अगर नाटू शब्द की बात करें तो इसका मतलब है नाचना। इस गाने में कई अलग-अलग लोगों के नाचने के उदाहरण देते हुए बताया गया है कि, इस तरह नाचिए, जैसे लोकदेवता के किसी फैस्टिवल के लीड डांसर नाचते हैं, जैसे बच्चे बरगद के पेड़ के नीचे नाचते हैं...आदि।*

# प्रियंका गांधी के पी. ए. संदीप सिंह के खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज

## अभिनेत्री व कांग्रेस में सक्रिय अर्चना गौतम के पिता ने यह एफ.आई.आर. उत्तर प्रदेश में मेरठ के पास दर्ज करवाई है

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 मार्च। प्रियंका गांधी के पी.ए. संदीप सिंह इस समय बहुत बड़े संकट में हैं। उनकी गिरफ्तारी भी हो सकती है क्योंकि एक अभिनेत्री तथा कांग्रेस ऐक्टिविस्ट अर्चना गौतम, जो अनुसूचित जाति की भी हैं, की शिकायत पर, उनके खिलाफ एफ.आई.आर. दर्ज हो गई है।

- जैसा कि विदित ही है, अर्चना गौतम एक एस.सी. वर्ग की महिला हैं, अतः एस.सी. के व्यक्ति द्वारा दर्ज एफ.आई.आर. काफी गंभीर मामला बन जाता है।
- इसीलिए संदीप सिंह ने अब कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में शरण ली है, क्योंकि भाजपा की यू.पी. सरकार किसी कांग्रेस के नेता के मामले में थोड़ा भी नरम रूख रखे, इसकी कतई उम्मीद नहीं है।
- प्राप्त जानकारी के अनुसार, संदीप सिंह के खिलाफ पार्टी के बड़े-बड़े नेताओं के साथ बदसलूकी व अपमानजनक भाषा के उपयोग की कई शिकायतें हैं।
- प्रियंका गांधी यू.पी. की इंचार्ज हैं, अतः उनके पी.ए., क्योंकि, वे परोक्ष रूप से कांग्रेस पार्टी के यू.पी. के मामलों में अपना पूरा दखल रखते हैं, में गुरूर आना स्वाभाविक ही है।
- उनके (संदीप सिंह) के खिलाफ की गई शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है, अतः अब थक हार कर कांग्रेस नेताओं ने एफ.आई.आर. का रास्ता ढूंढा है।

कानून के तहत, किसी अनुसूचित जाति के व्यक्ति और वो भी एक महिला, को परेशान करना तथा उसके साथ दुर्व्यवहार करना या अपशब्दों का प्रयोग करना गंभीर अपराध है तथा इसमें गिरफ्तारी हो सकती है।

इस आशंका और संभावना के चलते, संदीप सिंह कांग्रेस-शासित राजस्थान में छिपे हुये हैं क्योंकि उत्तर प्रदेश, जो भाजपा शासित राज्य है, का झुकाव प्रियंका गांधी के स्टाफ के पक्ष में कदापि नहीं होगा।

इस शिकायत पर अर्चना गौतम के पिता ने (मेरठ के पास) उत्तर प्रदेश में एक एफ.आई.आर. दर्ज कराई है।

समझा जाता है कि उनके खिलाफ एक से अधिक केस हैं तथा उनके खिलाफ ये केस मूलतः उत्तर प्रदेश के उन कांग्रेसजनों ने दर्ज कराये हैं जो उनकी अकड़, अहंकार और सत्ता की राजनीति के शिकार थे।

प्रियंका गांधी उत्तर प्रदेश की पार्टी प्रभारी हैं और उनके सर्वशक्तिमान पी.ए.के. रूप में, संदीप सिंह उत्तर प्रदेश में पार्टी को चला रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के एक वरिष्ठ नेता का कहना है कि उनके खिलाफ दर्ज शिकायतें नेताओं के खिलाफ अभद्र भाषा के प्रयोग तथा उनके दबदबे से संबंधित हैं लेकिन प्रियंका गांधी ने उनके खिलाफ एक शब्द तक सुनने से साफ इंकार कर दिया है। इस प्रकार के परिदृश्य में, उत्तर प्रदेश के कांग्रेस नेताओं के पास पुलिस के पास जाने तथा उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के अलावा शायद ही कोई विकल्प बचा है।




## 'पहली बार देखा है कि सत्तारूढ़ पार्टी संसद ठप्प करा रही है'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 मार्च। बजट सत्र में दूसरे हिस्से के पहले ही दिन सोमवार को

- कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने राहुल के माफीनामा के मुद्दे पर संसद में सत्तारूढ़ पार्टी के हंगामे पर टिप्पणी की।

संसद पूरे दिन के लिये स्थगित कर दी गई

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# सिलिकॉन वैली बैंक के बाद एक और बैंक डूबेगा अमेरिका में?

## अमेरिका के ''सिग्नेचर बैंक'' को चलाना संभव नहीं लग रहा, अतः सरकार ''सिस्टमैटिक'' तरीके से इसे बंद करने की दिशा में बढ़ रही है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 मार्च। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि अमेरिका के एक स्टार्ट-अप उन्मुखी बैंक सिलीकॉन वैली बैंक (एस.वी.बी.) के दिवालिएपन ने यह आशंका पैदा कर दी है कि इसका असर भारतीय वित्तीय बाजारों पर भी पड़ेगा जिसके परिणामस्वरूप भारत के शेयर बाजारों में तेजी से गिरावट दर्ज की जाएगी।

- हालांकि, इन घटनाओं से हिन्दुस्तान के बैंकिंग सैक्टर को घबराने की खास जरूरत नहीं है।
- पर, इन बैंकों के बंद होने का मनोवैज्ञानिक असर तो जरूर होगा। उदाहरण के लिये, फिलहाल रिज़र्व बैंक ने महंगाई को थामने के लिये, ब्याज दर बढ़ाने का इरादा त्याग दिया है।

जैसा कि इस अखबार में पिछले हफ्ते बताया गया था कि अमेरिकी बैंकों की विफलता भारतीय वित्तीय बाजारों और कुछ स्टार्टअप फर्म्स की संभावनाओं पर दीर्घकालिक प्रभाव डाल रही है।

दिन में भारतीय स्टॉक मार्केट्स में नरमी का रूख रहा, जिसका निशाना मुख्यतः बैंक और फायनैंशियल कम्पनियों के शेयर रहे। इसकी वजह से इनके बाजार पूंजीकरण में 7 लाख करोड़ रूपयों से अधिक की गिरावट आई। वास्तव में, भारतीय वित्तीय बाजार जापान जैसे वित्तीय बाजार से संकेत ले रहे थे। जापान में सोमवार को बाजार खुलते ही गिरावट का रूख रहा।

स्टार्टअप सैक्टर भी तनावग्रस्त हो गया है क्योंकि कई स्टार्टअप्स ने एक विफल बैंक में अपने फण्ड्स जमा कराए और जमा की पर्ची भी नहीं ली, तथापि इस स्थिति में थोड़ा सा सुधार उस आश्वासन से है, जो अमेरिका के ''फायनैंशियल रैग्युलेटर्स एण्ड डिपोज़िट इंश्योरैंस कारपोरेशन'' ने दिया है। उसने कहा है कि एस.वी.बी. के जमाकर्ताओं को उनका एक-एक पैसा लौटाया जाना चाहिए।

समूचे टैक्नोलॉजी सैक्टर से विपरीत खबर है। इसके अलावा अमेरिका के फैडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में की जा रही निरन्तर वृद्धि ने एक ऐसी स्थिति निर्मित कर दी थी कि उससे बैंकों का असैट बेस धीरे-धीरे कम होने लगा।

एस.वी.बी. के अलावा अमेरिका का एक अन्य ''सिग्नेचर बैंक'' भी ठप्प होने की प्रक्रिया में है। बदलती परिस्थितियों में बैंक के क्रियाकलाप अलाभप्रद हो गए थे, इसलिए सिग्नेचर बैंक के मैनेजमैंट ने इसे व्यवस्थित रूप से बंद करने का निर्णय लिया।

अमेरिका में लगातार दो बैंकों के

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## अलवर में बनेगा ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 मार्च। केन्द्र सरकार ने तीन और ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट्स बनाने की मंजूरी दी है। ये राजस्थान के अलवर, मध्य प्रदेश के सिंगरौली और हिमाचल प्रदेश के मंडी में बनाए जाएंगे।

- नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री, रिटायर्ड जनरल वी.के. सिंह ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया कि, राजस्थान में अलवर, मध्य प्रदेश में सिंगरौली व हिमाचल में मंडी सहित कुल तीन शहरों में नए ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाए जाएंगे।

राज्यसभा में नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री रिटायर्ड जनरल डॉ.वी.के. सिंह ने एक लिखित जवाब में दी।

उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट प्रोजैक्ट के क्रियान्वयन की जिम्मेवारी जिसमें

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# तेलंगाना में विधानसभा चुनावों से पूर्व दरारें पड़ीं भाजपा में

## प्रदेशाध्यक्ष बंडी संजय की, मु.मंत्री की पुत्री, के. कविता के खिलाफ हल्की टिप्पणी, तत्कालिक कारण बनी भाजपा नेताओं के आपसी झगड़े का

-लक्ष्मण वेंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 मार्च। ऐसे समय पर, जब प्रवर्तन निदेशालय ने अपना पूरा ध्यान तेलंगाना के मुख्यमंत्री की पुत्री के. कविता पर लगा दिया है, तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष तथा सांसद बान्दी संजय की ओर से आ रहे अशिष्टतापूर्ण बयानों की जनता द्वारा की जा रही घोर भर्त्सना से राज्य भाजपा इकाई की दरारें उजागर हो गई हैं।

- तेलंगाना भाजपा में अलग-अलग पृष्ठभूमि से कई लोग आये हैं। इन लोगों की विचारधारा, संस्कृति फर्क होने से, मतभेद उभरना तो अपेक्षित सा ही था।
- पर, अगर शुरू से ध्यान नहीं दिया गया व एहतियात नहीं बरता गया तो, ये मतभेद खाई बन सकते हैं तथा भाजपा, जो तेलंगाना में अच्छे नतीजे दिखाने की स्थिति में थी, कहीं लटक नहीं जाये, आंतरिक मतभेदों के कारण।

भाजपा, जो विधानसभा चुनावों तथा लोकसभा चुनावों में तेलंगाना में अपनी अच्छी संभावनाएं मानकर चल रही थी, अब अंदरूनी फूट का सामना कर रही है क्योंकि पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष के कामकाज को लेकर स्थानीय नेताओं के मतभेद सामने आ गये हैं। इसे कोढ़ में खाज ही कहा जायेगा कि भाजपा के वरिष्ठ स्थानीय नेता शेखर राव पेराला ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बान्डी संजय पर ब्लैकमेलिंग का आरोप लगाया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा है कि संजय मुद्दे उठाते हैं और फिर पैसे बनाने के लिये उन्हे निपटा भी देते हैं। शेखर राव ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया है कि उनके पास इन आरोपों को सिद्ध करने के सुबूत भी हैं। उन्होंने कहा कि अगर नेतृत्व विभिन्न गतिविधियों की अनदेखी करे तो आदमी को सोशल मीडिया का सहारा लेने को मजबूर होना पड़ता है।

पेराला ने इस सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है, ''आज भाजपा की स्थिति ऐसी हो गई है कि वह तीन कदम आगे की तरफ चलती है तो छः कदम पीछे की की ओर जाती है और इसके लिये पूरी तरह दोषी राज्य का पार्टी नेतृत्व है।''

भाजपा में, ऐसी चीजें खुले आम प्रचारित नहीं हुआ करती है। लेकिन अगर किसी को सामने आना पड़ता है और ऐसा करना पड़ता है तो इससे केवल यही संकेत मिलता है कि इस समस्या

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## 'इलाहाबाद हाई कोर्ट परिसर से मस्जिद हटाई जाए'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 मार्च। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अधिकारियों को आदेश दिए कि तीन माह के भीतर इलाहाबाद हाई कोर्ट परिसर से मस्जिद हटाई जाए।

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा, तीन माह के भीतर हाई कोर्ट परिसर से मस्जिद हटा दी जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता वक्फ

(शेष पृष्ठ 5 पर)

# बी.बी.सी. अपना निर्णय बदलने को मजबूर हुई

## अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने फुटबाल खिलाड़ी गैरी लिनेकर को पुनः उनकी जिम्मेवारी सौंपी बी.बी.सी. ने

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 मार्च। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कारपोरेशन (बी.बी.सी.) ने जनता के निरंतर विरोध के आगे झुकते हुए लोकप्रिय स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टर गैरी लिनेकर को सेवामुक्त करने के अपने पूर्व के निर्णय को वापस लेकर उन्हें बहाल कर दिया है।

- लिनेकर नियमित रूप से बी.बी.सी. का अति लोकप्रिय प्रोग्राम ''मैच ऑफ द डे'' प्रैज़ैन्ट करते थे।
- पर, इंगलैण्ड की सरकार द्वारा नयी शरणार्थी नीति को लागू करते हुए, जो भाषा काम में ली गई, उसकी खुली आलोचना करते हुए लिनेकर ने ट्वीट किया कि, यह भाषा नाज़ी सरकार काल में ली गयी घृणित भाषा के समकक्ष है।
- शुक्रवार को इस ट्वीट के बाद, लिनेकर को हटा दिया गया था, पर बी.बी.सी. के स्टाफ ने, बी.बी.सी. के इस आदेश का भारी विरोध जताया, स्पोर्ट्स कार्यक्रम नहीं दिखाये जा सके।
- स्टाफ ने बी.बी.सी. के इस कृत्य को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात माना।
- डायरैक्टर जनरल टिम डेवी ने हार मानकर सोमवार को घोषणा की कि, बोर्ड ने निर्णय लिया है कि, लिनेकर पुनः ''मैच ऑफ द डे'' प्रैज़ैन्ट करेंगे।

लिनेकर इंग्लैण्ड में फुटबाल के सर्वाधिक लोकप्रिय खिलाड़ियों में से एक रहे हैं और वह बी.बी.सी.के हाइऐस्ट पेड प्रैज़ेन्टर थे। जब उन्होंने प्रवासियों के बारे में कन्ज़रवेटिव सरकार द्वारा प्रयुक्त भाषा की तुलना नाज़ी जर्मनी द्वारा प्रयुक्त की गई भाषा से की थी, तब पिछले शुक्रवार को उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गईं। बी.बी.सी. का कहना था कि लिनेकर के ट्वीट ने निष्पक्षता के नियमों का उल्लंघन किया है, जबकि आलोचकों ने उस पर अभिव्यक्ति की आज़ादी का गला घोंटने का आरोप लगाया था।

बी.बी.सी. ने ट्विटर पर डाली गई एक पोस्ट को लेकर उन्हें निलंबित कर दिया था। इस पोस्ट में उन्होंने ब्रिटिश सरकार की शरण देने की नई नीति की आलोचना की थी।

बी.बी.सी. ने यू.के. सरकार की नई शरण प्राप्ति नीति को लेकर की गई आलोचना से उपजे संकट को समाप्त करते हुए सोमवार को कहा कि गैरी लिनेकर उसके फ्लैगशिप फुटबॉल शो ''मैच ऑफ द डे'' में प्रैजैन्टर के रूप में वापसी करेंगे।

बी.बी.सी. महानिदेशक टिम डेवी ने कहा कि ''गैरी बी.बी.सी. का एक अहम हिस्सा हैं, और मुझे उम्मीद है कि वह आगामी सप्ताहांत में हमारी कवरेज को प्रैज़ैन्ट करेंगे।''

गैरी के ट्वीट और फिर बी.बी.सी. द्वारा उनके निलम्बन के निर्णय के बाद उनके साथी प्रैज़ेन्टर्स, विशेषज्ञों और कमैन्टेटर्स ने उनके समर्थन में उसी सप्ताहांत काम करने से इंकार कर इस बॉडकास्टर की स्पोर्ट्स कवरेज को अस्तव्यस्त कर दिया था।

लिनेकर ने सोमवार को ट्वीट किया कि ''मैं ''मैच ऑफ द डे'' को फिर से प्रज़ैन्ट करने के लिए शनिवार की प्रतीक्षा नहीं कर सकता।''

उन्होंने आगे कहा कि ''हालांकि पिछले कुछ दिन काफी कठिन रहे। इसका ये मतलब नहीं कि ये इतने कठिन रहने हों कि आपको उत्पीड़न वाली जगह से भागकर घर आना पड़ा हो या किसी युद्धभूमि से दूर जाकर कहीं शरण लेनी पड़ी हो।''

डेवी ने सेवाओं में व्यवधान के लिए यह कहते हुए क्षमा मांगी कि ''बी.बी.सी. की सोशल मीडिया गायडैन्स के ग्रे एरियाज़ से बनी भ्रामक स्थिति को वह अब समझते हैं।''

(शेष पृष्ठ 5 पर)

## वन रैंक वन पैंशन के किश्तों में भुगतान पर रोक

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 13 मार्च। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि रक्षा मंत्रालय कानून को हाथों में लेकर, ऐसे पत्र जारी नहीं कर सकता कि वन रैंक वन पेंशन (ओ.आर.ओ.पी.) की बकाया राशि (एरियर्स) का भुगतान चार किश्तों में किया जायेगा। मुख्य न्यायाधीश डी. वाय. चन्द्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिम्हा एवं जे.बी. पारदीवाला की बैंच ने मंत्रालय से कहा कि वे 20 जनवरी के

- सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने का निर्णय सुनाते हुए कहा कि, रक्षा मंत्रालय वन रैंक वन पैंशन के एरियर का भुगतान चार किश्तों में करने की घोषणा कर कानून अपने हाथ में नहीं ले सकता।

(शेष पृष्ठ 5 पर)



## विचार बिन्दु

**धीरज सारे आनंदों और शक्तियों का मूल है। –फ्रैंकलिन**

# शोषण का यह सिलसिला आखिर कब रुकेगा?

इस वर्ष हम देश की स्वतंत्रता का 75वां वर्ष अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। अब भी कई घटनाएं ऐसी सामने आती हैं, जिनसे यह प्रश्न उठता रहता है कि देश में निर्धन, असहाय, कमजोर का शोषण कब तक चलेगा और यह कैसे रुकेगा या रुकेगा भी या नहीं? इसी संबंध में कुछ घटनाएं में पाठकों के साथ साझा करना चाहता हूं।

हमारे यहां पर बिहार का एक युवक काम करता है। इसने अपनी छोटी बहन के विवाह के लिए एक फाइनेंस कंपनी से 80000 का लोन लिया। कुछ दिन पहले उससे बात करने पर पता चला कि फाइल बनाने और प्रोसेसिंग चार्जेस के नाम पर 5000 काटने के बाद उसे कुल 75000 दिए गए। इसकी किश्त प्रतिमाह 4850 थी और उसे यह कर्जा कुल 24 माह में चुकाना था। मुझे लगा कि ब्याज दर अत्यधिक है। इस कारण मैंने उसे यह कहा कि वह कंपनी में पता करें कि यदि वह बकाया सारा पैसा साथ चुका दे, तो उसे कितना पैसा देना होगा? उसने तीन माह पूर्व ही लोन लिया था। उसने कंपनी में जाकर पता किया तो उसे बताया गया कि तीन माह में लगभग 15000 जमा कराने के बाद भी उसके विरुद्ध 78591 बकाया हैं। यदि वह 'अदेया प्रमाण पत्र' चाहता है उसे यह राशि जमा करानी होगी। मैंने उसे यह राशि दे दी और उसने जमा करा कर अदेयता का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। 15000 रुपये चुकाने के बाद भी इतनी बकाया के बारे में स्थिति स्पष्ट नहीं होने के कारण मैंने कंपनी के प्रतिनिधि से फोन पर बात की। उसने बताया कि कंपनी की ब्याज की दर 34 प्रतिशत है क्योंकि उसके पास गारंटी देने या गिरवी रखने के लिए कुछ भी संपत्ति नहीं थी। वैसे भी, किसी निर्धन व्यक्ति के सम्पत्ति होती ही कहाँ है जो वह किसी फाइनेंस कंपनी अथवा बैंक के पास गिरवी रख सके? एक और जहां सामान्य निवेशक को अपने बैंक में जमा राशि पर 3-4 प्रतिशत अथवा एफ.डी.आर. पर कुल 7 प्रतिशत के लगभग ब्याज प्राप्त होता है और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को लाखों, करोड़ों रुपए लगभग 8-10 प्रतिशत की ब्याज दर पर उपलब्ध हो जाते हैं, वहीं एक निर्धन युवा को 34 प्रतिशत वार्षिक की दर पर ब्याज देने हेतु बाध्य होना पड़े, तो यह पीड़ा पहुंचाने वाली बात है। शायद इसी कारण, ऊंची ब्याज दर पर ऋण देने वाले साहूकार पनपते हैं और उन्हें साधारण व्यक्तियों का शोषण करने का अवसर मिलता है। जब फाइनेंस कंपनी कानूनी रूप से 34 प्रतिशत ब्याज ले रही है तो साहूकार 20-25 प्रतिशत की ब्याज दर तो बड़ी आसानी से वसूल कर ही सकते हैं।

ऐसे समय में, जब भारत सरकार के मंत्री और प्रधानमंत्री, हर संबोधन में यह कहते हैं कि मुद्रा लोन हेतु 10 लाख तक की राशि बिना किसी गारंटी एवं जमानत के बेरोजगारों को मिल सकती है, किंतु पारिवारिक आवश्यकता होने पर किसी व्यक्ति को ऋण लेने पर 34 प्रतिशत की दर पर ब्याज देना पड़े, तो इसे क्या कहा जाएगा? यदि ऐसी ही परिस्थितियां बनी रहीं, तो यह संभावना नगण्य है कि गरीब व्यक्ति, कभी गरीबी के दुष्चक्र से बाहर निकल सके।

अडानी प्रकरण में शेयरों के भाव में अचानक कमी आने के कारण जिस प्रकार एसबीआई और एलआईसी में निवेश करने वाले सामान्य निवेशकों को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है, वह भी प्रभावी लोगों द्वारा सिस्टम को अपने पक्ष में करके साधारण व्यक्तियों के शोषण करने का ही एक उदाहरण है। कृत्रिम रूप से अपने शेयर के भाव 4200 रुपये तक बढ़ा दिए गए और इसके बाद हिंडन बर्ग की रिपोर्ट के फलस्वरूप यह गिरकर 1200 रुपये हो गए। इसी कारण यह सारी समस्या उत्पन्न हुई है। देश की प्रमुख संस्था सेबी से यह अपेक्षा रहती है कि वह साधारण निवेशकों के हितों की रक्षा करे। जब अडानी समूह में शैल कंपनियों के माध्यम से बड़ी धनराशि लगाई जा रही थी, उस समय सेबी का ध्यान न जाना या उसके द्वारा जानबूझकर ध्यान न दिया जाना, निवेशकों के हित पर कुठाराघात ही सिद्ध हो रहा है। उल्लेखनीय है कि एलआईसी और एस बी आई द्वारा बहुत बड़ी धनराशि अडानी ग्रुप की कंपनियों में निवेश की गई है। अतः अडानी के शेयरों में गिरावट का प्रभाव साधारण निवेशकों पर पड़ना ही था।

> **शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र है जो शोषण से मुक्त हो। शोषण का यह वातावरण इतना सर्वव्यापी है कि स्वास्थ्य का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि जो भी सत्ता - बल धन - बल और शारीरिक - बल का मालिक है उसने कमजोर, वंचितों का शोषण करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार मान लिया है।**

प्रश्न तो यह है कि हमारी व्यवस्था, संपन्न और प्रभावी लोगों को शोषण करने का अवसर प्रदान क्यों करती है? हाल ही में सेबी ने अरशद वारसी एवं उसकी पत्नी के विरुद्ध शेयरों में जानबूझकर बढ़ोतरी करा के उन्हें बेचकर कुछ लाख रुपए कमाने के आरोप में गंभीर कार्यवाही की है। यदि ऐसी ही सावधानी अडानी कंपनियों के शेयरों में लगने वाले धन के बारे में कर ली जाती तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती। यह तो भला हो सर्वोच्च न्यायालय का, जिसने इस प्रकरण में निष्पक्ष, ठोस जांच करने हेतु अपने स्तर पर एक समिति का गठन किया है एवं सेबी को भी आदेश दिए हैं कि वह इस बारे में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करे। इससे आशा अवश्य जगी है कि शायद एलआईसी आदि कंपनियों में निवेश करने वाले साधारण निवेशकों के हितों की रक्षा हो सकेगी।

शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र है जो शोषण से मुक्त हो। कानूनन, कोई मालिक अपने श्रमिक/अधीनस्थ कर्मचारी से एक निश्चित समय अवधि से अधिक कार्य नहीं करवा सकता है, किन्तु किस प्रकार 12-14 घंटों तक दुकानों, ढाबों या अन्य कार्यस्थलों पर काम लिया जाता है, यह सर्वविदित है। शिक्षण संस्थानों में अच्छे-खासे उच्च शिक्षित शिक्षकों का शोषण आम बात है। पीएचडी जैसी उच्च डिग्रीधारक युवा 10-12000 रुपए मासिक के वेतन पर कार्य करने को मजबूर हैं।

माना जाता है कि शोषण होने पर व्यक्ति पुलिस या न्यायालय की शरण ले सकता है लेकिन ये ही कई बार अतिरिक्त शोषण के कारण बन जाते हैं। पीड़ित, परेशान व्यक्ति जब न्याय पाने की आशा में पुलिस थाने पर जाता है तो वहां भी उसे कई बार अर्थिक, मानसिक शोषण का शिकार होना पड़ता है। जब पुलिस द्वारा अपराधियों को संरक्षण और पीड़ित शिकायत कर्ता में भय उत्पन्न किया जाय तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश के नागरिकों को शोषण से मुक्ति कौन दिलाएगा? न्याय प्रक्रिया जटिल और महँगी होने के कारण शोषित के लिए न्याय प्राप्त करना सम्भव नहीं होता।

बच्चे, जिनके हाथ में पुस्तक और खिलौने होने चाहियें, यदि ढाबों में देर तक झूठे बर्तन साफ़ करने के लिए मजबूर हों, तो अमृत महोत्सव मनाना बेमानी सा लगता है। विश्वविद्यालयों में शोधार्थियों के शारीरिक शोषण तक की खबरें लगातार आती रही हैं। हालत तो यह हो गई है कि विद्यालयों तक में बालिकाएं यौन शोषण से नहीं बची हैं।

शोषण का यह वातावरण इतना सर्वव्यापी है कि स्वास्थ्य का क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। साधारण परिवार के मरीज़ों को किसी न किसी नाम से अत्यधिक धनराशि इन संस्थानों को देने हेतु बाध्य होना पड़ता है चाहे वह आवश्यक-अनावश्यक जांचे हों, महंगी दवाएँ हों या फिर अस्पतालों में बिना आवश्यकता के अधिक समय तक भर्ती रखना हो। अस्पताल में विभिन्न प्रकार की महंगी दवाइयों के नाम पर गरीब मरीजों को कैसे लूटा जाता है, इसके बारे में समाचार हम नियमित रूप से समाचार पत्रों में पढ़ते रहते हैं। शोषण की इसी प्रवृत्ति का परिणाम है कि देश की संपत्ति बहुत तेजी से कुछ ही लोगों के हाथों में सिमटती जा रही है और अधिकांश जनसंख्या पहले से कहीं अधिक गरीब होती जा रही है। अमीर और गरीब की बढ़ती खाई इसी शोषणकारी प्रवृत्ति का परिचायक है।

राज्य का दायित्व होता है, वंचित और कमजोर वर्ग के हितों की रक्षा करे और उनको इतना सक्षम बनाएँ कि वे स्वयं अपने हितों की रक्षा कर सकें। इन दोनों ही कामों में केंद्र, राज्य सरकार एवं उनकी विभिन्न संस्थाएं सफल नहीं रही हैं, बल्कि सामान्यतया वे, प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से, शोषणकारी वर्गों के साथ खड़ी दिखाई देती हैं।

गरीबी के कारण एवं गांवों में रोजगार के पर्याप्त साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण कई युवा राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से एवं दूसरे राज्यों से भी जयपुर जैसे बड़े शहरों में आकर छोटा-मोटा काम करके या फल सब्जी बेचकर अपना गुजारा करने का प्रयास करते हैं। अतिक्रमण हटाने के नाम पर कई बार इन लोगों के ठेलों को उलट दिया जाता है और फल सब्जियों को जप्त कर लिया जाता है। इससे बड़ी मुश्किल से गुजारा चलाते वाले लोग बहुत संकट में आ जाते हैं।


पुलिस, नगर निगम अथवा जेडीए के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का सारा खामियाजा सामान्यतया गरीब व्यक्तियों को ही भुगतना पड़ता है क्योंकि जो व्यक्ति आर्थिक अभाव के कारण महंगी भूमि नहीं खरीद पाते, वे ही मजबूरी में सरकारी भूमि पर छोटा, कच्चा घर बनाकर रहते हैं। दूसरी ओर, जिन प्रभावशाली लोगों द्वारा आलीशान बहुमंजिला इमारतें सभी कानून कायदों को धता बताकर बना ली जाती हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने में जेडीए, नगर निगम अथवा राज्य के अन्य संस्थाओं का ध्यान नहीं जाता है। स्पष्ट है कि कानून की पालना भी इसी सिद्धांत को आधार पर होती दिखाई देती है कि 'समरथ को नहिं दोष गुसाईं'। परिणाम स्वरुप, शोषण तो उसी का होना है जो समर्थ नहीं है।

बच्चों के शोषण का एक उदाहरण हाल ही में सामने आया। एक संस्थान द्वारा प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करने हेतु एक आयोजन रखा गया जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को पुरस्कार लेने हेतु आमंत्रित किया गया था। बच्चों से यह कहा गया था कि वे 9:00 बजे सुबह तक समारोह स्थल पर पहुंच जाएं। स्वाभाविक है, वहां पहुंचने के लिए बच्चों को अपने घरों से 7:00 या 8:00 बजे निकलना पड़ा। समारोह स्थल पर पहुंचते पर पता चला कि समारोह का वास्तविक समय तो 11:30 का था। इसके बाद यह समारोह लगभग 3 घंटे चला और 3:00 बजे तक समाप्त हुआ। इसके पश्चात, बच्चों को वितरण हेतु जो आलू-पूरी के पैकेट दिए गए जो खाने लायक नहीं थे क्योंकि उनमें रखी हुई आलू की सब्जी गर्मी के कारण खराब हो चुकी थी। बड़े-बड़े नेताओं और अधिकारियों के स्वागत के लिए बच्चों को कई घंटे इंतजार कराया जाता है। इसे भी शोषण ही कहा जाएगा।

कुल मिलाकर यही कहा जा सकता है कि जो भी सत्ता - बल धन - बल और शारीरिक - बल का मालिक है उसने कमजोर, वंचितों का शोषण करना अपना जन्मसिद्ध अधिकार मान लिया है। देश को अपने नागरिकों के साथ आगे बढ़ना है तो इस शोषणकारी व्यवस्था को समाप्त करना ही होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# प्रकृति से रुबरु होंगे तो बढ़ेगी इम्यूनिटी



**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

यदि चिकित्सकों की माने तो देश में अधिकांश लोगों में विटामिन डी की डेफिसिएंसी है। हो सकता है यह आंकडा अतिशयोक्तिपूर्ण होने के साथ ही अधिक अपर साइड में हो पर इतना तो साफ है कि देश दुनिया में विटामिन डी की कमी के आंकड़े दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं। विटामिन डी जिसका सबसे सहज स्रोत केवल कुछ मिनटों तक धूप सेवन से प्राप्त हो सकता है आज उसी की कमी से रोगियों की संख्या अधिक होती जा रही है। दरअसल प्रकृति के अनमोल उपहारों से हम लगातार दूर होते जा रहे हैं। अत्यधिक भागमभाग, शहरीकरण, सीमेंट कंकरीट की गगनचुंबी इमारतें प्रकृति के उपहार से हमें वंचित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मिट्टी, पानी, धूप, की सहजता को छोड़कर हम दवाओं, केमिकल्स में ईलाज ढूंढने लगे हैं। दिल्ली एम्स के हालिया अध्ययन में सामने आया है कि हार्ट फेलियर के मरीजों को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी दिया जाए तो उनके लक्षण में काफी कमी आ जाएगी। दरअसल एम्स के अध्ययन में खुलासा हुआ है कि 70 फीसदी दिल्लीवासियों में विटामिन डी की डेफिसिएंसी पाई गई है। देखा जाए तो विटामिन डी की कमी मस्तिष्क, रक्त संचार प्रणाली, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग, मांसपेशियों से संबंधित रोगों में दर्द आंर कमजोरी, फेफडों के रोगों में अस्थमा और सांस लेने में परेशानी, हड्डियों की कमजोरी और डायबिटिज जैसी बीमारियों का कारक है। एक समय था जब खासतौर से सर्दियों में तो तेल की मालिस कर धूप में बैठना नियमित आदत में शुमार होता था। नौकरीपेशा लोग अवकाश के दिन तो धूप में अवश्य बैठते थे। आज तो हालात यह हो गए कि गर्मी के मौसम में पहली कावश्यक सनवर्न क्रीन को प्राथमिकता दी जाती है।

देखा जाए तो हम मंहगी से मंहगी दवाएं खाने के लिए तैयार है पर केवल और केवल 20 मिनट धूप का सेवन नहीं कर सकते। इसका परिणाम भी साफ है। हड्डियों में दर्द, फ्रेक्चर, जल्दी-जल्दी थकान, घाव भरने में देरी, मोटापा, तनाव, अल्जाइमर जैसी बीमारियां आज हमारे जीवन का अंग बन चुकी है। शरीर की जीवनी शक्ति या यों कहें कि प्रकृति से मिलने वाले स्वास्थ्यवर्द्धक उपहारों से हम मुंह मोड चुके हैं और नई से नई बीमारियों को आमंत्रित करने में आगे रहते हैं। यह आश्चर्यजनक लेकिन जमीनी हकीकत है कि केवल और केवल मात्र पांच प्रतिशत महिलाओं में ही विटामिन डी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। देश की 68 फीसदी महिलाओं में तो विटामिन डी की अत्यधिक कमी है। एम्स के अध्ययन से पहले एसोचैम द्वारा जारी एक रिपोर्ट में सामने आया है कि 88 फीसदी दिल्लीवासियों में विटामिन डी की कमी है। यह स्थिति दिल्ली में ही नहीं अपितु कमोबेस देश के सभी महानगरों में देखने को मिल जाएगी। इसका निदान हमारी जीवन शैली में थोड़ा से बदलाव करके ही पाया जा सकता है। पर इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि आधुनिकता की दौड़ में हम प्रकृति से इस कदर दूर होते जा रहे हैं कि जल, वायु, हवा, धूप, अग्नि और ना जाने कितनी ही मुफ्त में प्राप्त प्राकृतिक उपहारों का उपयोग ही करना छोड दिया है। ऐसा नहीं है कि लोग जानते नहीं है पर जानने के बाद भी आधुनिकता का बोझ इस कदर छाया हुआ है कि हम प्रकृति से दूर होते हुए कृत्रिमता पर आश्रित होते जा रहे हैं। दरअसल हमारी जीवन शैली ही ऐसी होती जा रही है कि प्रकृति की जीवनदायिनी शक्ति से हम दूर होते जा रहे हैं। कुछ तो दिखावे के लिए तो कुछ हमारी सोच व मानसिकता के कारण।

विटामिन डी की कमी के कारण हजारों रुपए के केमिकल से बनी दवा तो खाने को हम तैयार है पर केवल कुछ समय का धूप सेवन का समय नहीं निकाल सकते हैं। हम स्कूलों में आयोजित मड उत्सव को तो धूम धाम से मनाने को तैयार है पर क्या मजाल जो बच्चें को खुले में खेलने के लिए छोड दे। मिट्टी में खेलने और खेलते-खेलते लग भी जाने पर प्राकृतिक तरीके से ही इलाज भी हो जाता है। तीन से चार दशक पुराने जमाने को याद करे तो कहीं लग जाने पर खून आता रहे तो वहां पर स्वयं का मूत्र विसर्जन करने या मिट्टी की ठीकरी पीस कर लगाने या चोट गहरी हो तो कपडा जलाकर भर देने या खून लगातार आ रहा हो तो बीडी का कागज लगा देना तात्कालिक ईलाज होता था। आज जरा सी चोट लगते ही हम हॉस्पिटल की और भागते हैं। यह सब तब होता था जब टिटनेस का सर्वाधिक खतरा होता था। यह कटु सत्य है कि योरोपीय देश प्रकृति के सत्य को स्वीकारते हुए प्रकृति की और आने लगे हैं। खाना खाने से पहले हाथ धोने की जो हमारी सनातन परंपरा रही है उस और विदेशी लौटने लगे हैं। अभियान चलाकर हाथ धोने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। क्योंकि अब समझ में आने लगा है कि बाहर से आने पर हमारे शरीर व हाथों में कितने नुकसान दायक वेक्टेरिया होते हैं और वह बिना हाथ धोए खाना खाने पर हमारे शरीर में प्रविष्ठ कर जाते हैं और हमारे सिस्टम को तहस नहस कर देते हैं। स्कूलों में मड उत्सव या रेन डे मनाने का क्या मतलब है, इनमें भी हम बड़े उत्साह से भाग लेते हैं जबकि बरसात में बच्चा जरा सा भीग जाए तो हम उसके पीछे पड़ जाते हैं। एक जमाना था तब पहली बरसात में क्या बड़े-क्या छोटे नहाकर आनंद लेते थे। यह केवल आनंद की बात नहीं बल्कि गर्मी के कारण हुई भमोरी का प्राकृतिक इलाज भी था। आज हम ना जाने कौन कौन से पाउडरों का प्रयोग करने लगते हैं। ऐसा नहीं है कि विटामिन डी की कमी या प्रकृति से दूर होने की स्थिति हमारे देश में ही है। अपितु यह विश्वव्यापी समस्या बनती जा रही है। कैलिफोर्निया के टॉरो विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि दुनिया में बड़ी संख्या में लोगों ने खुले में समय बिताना छोड़ दिया है। बाहर जाते हैं तब दुनिया भर के पाउडर, सनस्क्रीन और ना जाने किस किसका उपयोग करके निकलते है जिससे शरीर को जो प्राकृतिक स्वास्थ्यवर्द्धकता मिलनी चाहिए वह नहीं मिल पाती है और यही कारण है कि आए दिन बीमारियां जकडती रहती है। यहां तक कि नई नई और गंभीर बीमारियों से ग्रसित होने लगे हैं।

कोरोना ने हमें बहुत कुछ समझाने का प्रयास किया है। हमारी हैसियत और ताकत को भी कोरोना ने आईना दिखा दिया है। जर्नल सांइटिफिक रिपोर्टस में प्रकाशित रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकल कर आया है कि गंभीर कोविड की स्थिति में भी विटामिन डी की बदौलत जीवन बचाया जा सकता है। आयरलैंड के ट्रिनटी कालेज, स्काटलैंड के एडिनबर्ग यूनिवर्सिटी और चीन के झेजियांग यूनिवर्सिटी की एक टीम ने विटामिन डी को जीवन रक्षक कारगर के रुप में माना गया है। दुनिया के अनेक विश्वविद्यालयों के शोधार्थियों ने यह माना है कि विटामिन डी की पूर्ति होने से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और अन्य बीमारियां ही नहीं अपितु कोरोना जैसी महामारी से लड़ने में कारगर माना गया है। कोरोना महामारी से बचाव के लिए अन्य कारगर उपायों के साथ ही दुनियाभर के चिकित्सकों ने एक राय से इम्यूनिटी बढ़ाने पर जोर दिया है। कोरोना के ईलाज और उसके बाद पोस्ट कोविड में चिकित्सकों ने जो दवाएं प्राथमिकता से लेने की सलाह दी है या जिन पर जोर दिया है उनमें विटामिन सी, विटामिन डी, जिंक और आयरन प्रमुख है। विटामिन, जिंक और आयरन की कमी को हम घर बैठे अपनी दिनचर्या और खान पान से पूरा कर सकते हैं। पर यह निराशाजनक स्थिति है कि हम मंहगी से मंहगी दवाएं खाने के लिए तैयार है पर अपनी दिनचर्या या खानपान में बदलाव लाने को तैयार नहीं है। यही कारण है कि हमारी केमिकल्स और महंगी दवाओं पर निर्भरता अधिक बढ़ने के साथ ही रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होने लगी है।


दरअसल हमें दवाओं, केमिकल्स पर निर्भरता को कम कर प्रकृति से रुबरु होना होगा। इसके लिए सरकारों के साथ ही स्वंयसेवी संस्थाओं, गैरसरकारी संगठनों को जागरुकता अभियान चलाना होगा। प्रकृति से रुबरु होकर ही हम इम्यूनिटी बूस्ट कर सकेंगे और सही मायनें में प्राकृतिक रुप से इम्यूनिटी बूस्ट करके ही हम बीमारियों से जूझने में सफल हो सकेंगे।

**–डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा,**
**( वरिष्ठ लेखक )**

# पावटा में प्राचीन मंदिर के आस-पास नगर पालिका ने बनाया कचरा पॉइंट

**पावटा,** (निसं)। कस्बे में नदी में स्थित प्राचीन गोपाल भैया मंदिर के आसपास के क्षेत्र को पावटा प्रागपुरा नगरपालिका ने कचरा पॉइंट बना रखा है। जहां हर रोज नगरपालिका की गाड़ियां कस्बे का कचरा एकत्रित करके मंदिर के आसपास के क्षेत्र में डालती हैं। इससे प्राचीन गोपाल भैया मंदिर अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ रहा है। प्राचीन मंदिर की कोई सुध नहीं की जा रही है।

- **रोजाना पालिका की गाड़ियां कस्बे का कचरा मंदिर के आसपास डालती हैं**
- **कस्बे के कचरे के साथ-साथ मरे हुए मवेशियों को भी यहीं डाला जाता है**
- **बदहाली का शिकार प्राचीन प्राचीन गोपाल भैया मंदिर**



**पालिका द्वारा डाले गये कचरे में मुँह मारते गौवंश।**

मंदिर के आस पास नगरपालिका द्वारा कचरा प्वाइंट बनाकर कचरा फेंका जा रहा है। कस्बे के एकत्रित हुए कचरे के साथ-साथ मरे हुए मवेशियों को भी यहीं डाला जाता है। जिससे पूरे मंदिर परिसर में दुर्गंध बनी रहती है। इससे मंदिर में प्रवेश तो दूर की बात मुख्य गेट के बगल से गुजरना भी चुनौती बनी हुई है। एक तरफ मंदिर के आसपास में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए तो वहीं दूसरी ओर मंदिर में फैली अव्यवस्थाओं को लेकर नगरपालिका ने भी चुप्पी साधी हुई है। वहीं पालिका द्वारा कचरा पॉइंट बनाने से श्रद्धालुओं की आस्था पर भी ठेस पहुंच रही है।

मंदिर महंत मोहनदास महाराज, केशवदास महाराज व गौ सेवकों ने बताया कि कचरे में सडे गले जानवर भी फेंके जाते हैं। वहीं गौवंश की दुर्दशा आम तस्वीर हो गई है। कभी भूख से मरती गाय तो कभी प्लास्टिक और कचरा खाती गाय जरूर दिख जाती है और तब याद आते है गोवंश को बचाने का दावा और वादे करने वाली सरकार। कथनी और करनी में बहुत सारा फरक तब साफ दिखाई पडता है जब अनाथ, बेसहारा घूमता गौवंश कचरे से गंदगी व पॉलिथीन खाने को मजबूर हैं। सुख-समृद्धि की प्रतीक रही भारतीय गाय आज कूडे के ढेर में कचरा और प्लास्टिक की थैलियां खाती है और फिर अपनी जान गवा देती है। लेकिन नगरपालिका ने मंदिर के आसपास कचरा डालना बंद नहीं किया है।

कई बार लिखित में नगरपालिका के अधिकारी व उपखंड अधिकारी को इस समस्या से अवगत करवा चुके हैं लेकिन आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होता तब तक कचरा नहीं डालने दिया जायेगा। वहीं जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन देकर मंदिर, गौशाला व नदी बहाव क्षेत्र में कचरा डालने का विरोध किया जायेगा।

# एस.आई. ने दिया दहेज प्रथा को बंद करने का संदेश

**अनूपगढ़,** (निसं)। पुलिस के एसआई के द्वारा अपने विवाह में दहेज नहीं लेकर एक मिसाल पेश की है। अनूपगढ़ के गांव 2 के(बी) में रहने वाले मुकेश मेघवाल ने अपने विवाह में केवल सवा रुपया और नारियल लेकर विवाह की सभी रस्में पूरी की।

- **एस.आई. ने सवा रुपए और नारियल लेकर शादी की रस्में पूरी की**

मुकेश मेघवाल के द्वारा अपने विवाह में दहेज नहीं लेने की शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। मुकेश का विवाह बीकानेर में रहने वाली शिल्पा के साथ संपन्न हुआ है। मुकेश मेघवाल का कहना है कि जब एक पिता अपनी बेटी की शादी कर देता है तो वह अपनी बेटी के साथ बेटी के पति को सब कुछ सौंप देता है, इसलिए उन्होंने अपने विवाह में दहेज नहीं लिया। मुकेश मेघवाल के द्वारा दहेज नहीं लेने पर पूरे समाज के लोगों ने मुकेश मेघवाल की प्रशंसा की।

मुकेश मेघवाल के पिता रामचंद्र ने बताया कि शिल्पा के पिता मजदूरी का कार्य करते है। विपरीत परिस्थितियों में शिल्पा की शिक्षा पूर्ण करवाई और आज शिल्पा बीकानेर में शिक्षा विभाग में एलडीसी के पद पर कार्यरत है। शिल्पा के पिता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि जब उन्होंने अपनी बेटी के विवाह में स्त्री धन और सवा लाख नगद रुपए देने चाहे तो इस पर मुकेश मेघवाल ने दहेज नहीं लेने के लिए मना कर दिया। मुकेश मेघवाल के इस निर्णय से उन्हें और उनके परिवार को काफी खुशी हुई और मुकेश मेघवाल को सवा रुपया और नारियल देकर शिल्पा को विदा किया गया।

मुकेश मेघवाल बताया कि वह बीकानेर पुलिस थाने में एसआई के पद पर कार्यरत है। राजस्थान पुलिस में उनकी जॉइनिंग 2021 में हुई थी। उनके पिता ने भी उन्हें विपरीत परिस्थिति में पढ़ाया था और आज उन्हीं की बदौलत वह इस मुकाम पर पहुंचे हैं। समाज में दहेज बहुत बड़ी कुरीति बन चुका है। इस कुरीति को खत्म करने के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने अपने विवाह में दहेज नहीं लेकर एक नई परंपरा शुरू की है। मुकेश मेघवाल ने उम्मीद जताई है कि समाज के अविवाहित युवा भी बिना दहेज के अपना विवाह करेंगे।

# बिजली की तकनीकी खराबी के कारण कई घरों में लगी आग

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखंड क्षेत्र के ग्राम लोरड़ी में सोमवार को बिजली की तकनीकी खराबी के कारण यहां के कई घरों में आग लग गई, जिससे टीवी, फ्रिज सहित विद्युत उपकरण आदि जलकर राख हो गए।

घटना सोमवार को प्रातः 11 बजे की है। घटना से जुड़े तथ्यों के अनुसार आज कुछ देर के लिए विद्युत सप्लाई बंद थी। इसी दौरान किसान अपने खेतों में काम करने के लिए जाते वक्त विद्युत उपकरण बंद करके चले गए और करीब 11 बजे शुरू हुई विद्युत सप्लाई के साथ ही कई घरों में आग लग गई। शिवराज प्रजापत, दिनेश लोहार, अमरचंद शिवराज जाट सावत सिंह सहित कई घरों में लगी आग से सभी में भारी नुकसान हुआ है। शिवराज प्रजापत नामक व्यक्ति के घर में लगी आग ने तो इतना ताण्डव मचाया कि इस परिवार के लिए खाने के लिए 2 जून की रोटी का अनाज तक नहीं बच पाया। घटना की सूचना मिलने पर इस संबंध में विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता त्रिलोक सिंह चौहान से जानकारी करने पर कहना था कि संबंधित कनिष्ठ अभियंता को मौके पर भेजा गया है। वहां से रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ पता चल पाएगा।

इस संबंध में संबंधित कनिष्ठ अभियंता अतुल जोशी से जानकारी करने पर उनका कहना था कि वे अभी घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं एवं घटना के कारणों की जांच की जाने से पहले पीड़ित परिवारों की मांग पर पहले उनके मकानों में हुए नुकसान की जानकारी लेने की मांग पर अभी मकानों में आग लगने की घटना की जानकारी ले रहे हैं। घटना किस कारण से हुई इस संबंध में कनिष्ठ अभियंता अतुल जोशी से पूछे जाने पर उनका कहना था कि पीड़ित परिवारों की मांग पर उनके मकानों की जानकारी लेने के बाद की जाने वाली तकनीकी जांच के बाद ही कुछ पता चल पाएगा।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

### मंगलवार 14 मार्च, 2023

चैत्र मास, कृष्ण पक्ष, सप्तमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2079, अनुराधा नक्षत्र प्रातः 8:13 तक, वज्र योग दिन 3:13 तक, विष्टि करण प्रातः 8:55 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मिथुन, बुध-कुम्भ, गुरू-मीन, शुक्र-मेष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से प्रातः 8:13 तक है। रवियोग प्रातः 8:16 तक है। भद्रा प्रातः 8:55 तक है। आज रांधा पुअआ है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** चर 9:39 से 11:08 तक, लाभ-अमृत 11:08 से 2:05 तक, शुभ 3:33 से 5:02 तक।


**राहूकालः** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:42, सूर्यास्त 6:31

**मेष**




अपनी कार्य योजना को सीमित रखें। परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**वृष**




व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**मिथुन**




आर्थिक मामलों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**कर्क**




परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है।

**सिंह**




घर-परिवार के कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कन्या**




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित विवादों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। आर्थिक मामलों में परिचितों से सहयोग मिलेगा।

**तुला**




व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक कार्यों के संबंध में दुविधा बनी रहेगी।

**वृश्चिक**




मनःस्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। महत्वपूर्ण और आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**धनु**




घर-परिवार के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कारणों से मन में असंतोष बना रहेगा। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। परिवार में वाद-विवाद बढ़ सकते हैं।

**मकर**




आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ**



व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**मीन**



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

# सरकारी महकमों के करोड़ों रुपये के बिल बकाया

- जिसकी वसूली आम जन से कर रही सरकार : शर्मा
- विधायक संदीप शर्मा का अतारांकित प्रश्न का जवाब

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान विधानसभा में विधायक संदीप शर्मा ने प्रदेश में संचालित केन्द्र व राज्य सरकार के कई विभागों एवं उपक्रमों में विद्युत बिल बकाया का मामला सदन में उठाया।

इस पर मंत्री ने बताया कि प्रदेश में संचालित केन्द्र व राज्य सरकार के कई विभागों एवं उपक्रमों में विद्युत बिल बकाया है। राज्य की तीनों विद्युत वितरण निगमों की केन्द्र व राज्य के अधीन राजकीय विभागों के विरूद्ध विद्युत बिलों की माह जनवरी 2023 तक की राशि बकाया है। जिसमें अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड 320.86 करोड़, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड 1004.65 करोड़, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड 621.90 करोड़ रूपये की राशि बकाया है।

उक्त बकाया राशि की वसूली हेतु विद्युत वितरण निगम द्वारा निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। वित्त विभाग, राजस्थान सरकार के परिपत्र 5219-418 दिनांक 15.06.2022 की अनुपालना में दिनांक 15.6.2022 से आई एफ एम एस राज पेमैनेजर से बिलिंग सिस्टम का ए.पी. आई इन्टीयेशन किया गया है, जिसके अर्न्तगत विद्युत बिलों का आई एफ एम ए के माध्यम से स्वचालित रूप से रामबद्ध भुगतान हेतु व्यवस्था प्रारम्भ की गई है, जिसके तहत विद्युत बिल सम्बन्धित विभागों को आई एफ एम एस के माध्यम से जनरेट होते ही ऑनलाईन स्वत: भुगतान हेतु प्रेषित कर दिये जाते।

विधायक ने कहा कि प्रदेश में संचालित सरकारी महकमों से बिजली बिल का भुगतान वसूल नहीं पा रही है। जिसके कारण ये विद्युत वितरण कम्पनियां लगातार घाटें में जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप घाटें का नुकसान प्रदेश की भोली भाली जनता पर पड़ रहा है।

कम्पनियों द्वारा प्रदेश की जनता को बलपूर्वक परेशान कर लोगों के बिजली के बकाया बिलों की वसूली का कार्य कर रही है। कोटा में निजी बिजली कम्पनी द्वारा जबरन लोगों की वी.सी.आर. बना कर कई गुना राशि वसूलने का कार्य कर रहा है। कोटा में कई धार्मिक स्थलों, मंदिरों व सार्वजनिक स्थानों पर जबरन लाईट काट कर, मीटर लगानें पर जोर दिया जा रहा है।

कोटा में आये तेज आंधी में विद्युत वितरण व्यवस्था तंत्र चर्मरा जाता है, लोग बार बार शिकायत करने के बाद भी विद्युत व्यवस्था ठीक नहीं हो पाती। जिससें लोग रात रात भर जाग कर बिजली बंद होने से परेशानियों का सामना करते है।

विधायक ने मंत्री से मांग की कि इन सरकारी उपक्रमों कें बकाया बिलों की वसूली शीघ्र हो ताकि इसका खामियाजा प्रदेश की जनता को नहीं भुगतना पड़े। साथ ही कोटा में भी बिजली वितरण तंत्र को भी सुधारने की आवश्यकता है।

## पुत्रों की सहमति से माता नेत्रदान संपन्न हुआ

**कोटा,** (निसं)। शनिवार देर रात केशवपुरा कोटा निवासी रुकमणी बाई के आकस्मिक निधन के उपरांत उनके बेटे महेंद्र और गिरीश सुमन को नेत्रदानी परिवार के आर के शर्मा ने माताजी के नेत्रदान करवाने के लिए समझाइश की।

नेत्रदान को पुनीत कार्य मानते हुए महेंद्र ने तुरंत ही अपने साले योगेश गहलोत से नैत्रदान के बारे में बात करके नैत्रदान करवाने के लिये सहमति दे दी जिसके उपरांत संस्था शाइन इंडिया फाउंडेशन की टीम के साथ आई बैंक के टेक्नीशियन टिंकू ओझा ने नेत्रदान प्राप्त किया।

ज्ञात हो कि अभी 1 सप्ताह पहले ही आर के शर्मा ने अपनी पत्नी गायत्री देवी का नेत्रदान मरणोपरांत मुक्तिधाम में संपन्न करवाया था, तभी उन्होंने संकल्प लिया था कि, जब भी कभी उनके पास कहीं से किसी की मृत्यु की कोई सूचना आएगी तो वह परिवार के सदस्यों को नेत्रदान करवाने के लिए जरूर प्रेरित करेंगे और इस तरह से रुकमणी बाई के नेत्रदान के कार्य में आर के शर्मा की प्रमुख भूमिका रही।

# 'हम वो हैं जो गंगा के पानी से रोजा खोलते हैं'

- जंगलीशाह बाबा के उर्स में अखिल भारतीय मुशायरा आयोजित
- देशभर से आए शायरों ने पेश की एक बढ़कर एक शायरी

**कोटा,** (निसं)। किरन देना, सूमन देना न धन देना, वतन वालों मुझे तो सिर्फ इतना सा वचन देना, अना दिल में मैरे कोई तमन्ना है तो इतनी है, अगर मर जाउं तो मुझको तिरंगे का कफन देना..... हम कभी मिट्टी से बगावत नहीं करते, हम कभी लाशों की तिजारत नहीं करते, हम वतन की खारित बहा देते हैं अपना रहबरों जैसी हम सियासत नहीं करते... हिंदी, उर्दू, पंजाबी, कश्मीर बोलते हैं, हर भाषा को हम दिल की गहराई से तौलते हैं, जहर कितना भी दिलों में घोल दे सियासत यहां, हम वो हैं जो गंगा के पानी से रोजा खोलते हैं.... उर्दू भाषा से लबरेज शायरी के तराने हजरत जंगलीशाह बाबा के महफिलखाने में गूंजे। मौका था जंगलीशाह बाबा के 78वें तीन दिवसीय उर्स के दौरान कुलहिंद अखिल भारतीय मुशायरे का जो करीब रात 11 बजे शुरु हुआ व सुबह 5 बजे तक चला। इस दौरान एक से बढ़कर एक हिंदी, उर्दू व संस्कृत भाषा में शायरियों का अंदाज देखने को मिला।

उर्स कमेटी के प्रवक्ता असलम रोमी ने बताया कि हजरत जंगलीशाह बाबा रहमतुल्लाह आलेह के मुबारक आस्ताने पर कल चादर पेश की गई वहीं रात को 11 बजे अखिल भारतीय मुशायरा आयोजित किया गया जिसमें राज्यभर के शायरों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

रात को शुरू हुए अखिल भारतीय मुशायरे में देश भर से जुटे शायर डॉ. लक्ष्मण शर्मा मुबंई, अंजुम बाराबंकी, अनवर अमान, अजीम देवासी, अना देहलवी, कोटा से चांद शेरी, शमीम कोसर आगरा, इस्माइल नजर, आमिर मेरठ, नूर धोलपुरी, अख्तर कानपुरी जैसे कई शायरों ने अपनी मखमली आवाज के माध्यम से धार्मिक, देशभक्ति व कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए एक से बढ़कर एक तराने पेश किए।

प्रवक्ता रोमी ने बताया कि 14 मार्च को कव्वाली कार्यक्रम के बाद कुल की रस्म के साथ उर्स का समापन किया जाएगा। इस मौके पर उर्स कमेटी के सदर हाजी जफर मोहम्मद ठेकेदार, हाजी अब्दुल अजीज जावा, नायब सदर मो. हयात खान, सूफी जहीर अहमद, फारूख जावा, उप महापौर सोनू कुरैषी जफर प्रिंटर्स जैसे लोग मौजूद रहे।

## कोटा रेंज के सेवानिवृत्त पुलिस कार्मिकों का सम्मान

**कोटा,** (निसं)। जे.के. परिणय प्लाजा, झालरापाटन, जिला झालावाड़ में युगांतर संस्थान के सौजन्य से कोटा रेंज के पुलिस विभाग के समस्त सेवानिवृत कार्मिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें कोटा संभाग के अध्यक्ष नवनीत महर्षि के नेतृत्व में जिला बारां, बूंदी, झालावाड़, कोटा ग्रामीण तथा कोटा शहर के लगभग 400 सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रमुख वक्ताओं के रूप में संभागीय अध्यक्ष, कोटा सम्भाग नवनीत महर्षि, जिलाध्यक्ष, झालावाड़ मुबारक खान, कोटा शहर तेज राज सिंह, बारां तथा प्रदेश उपाध्यक्ष अहतशामुद्दीन सिद्दीकी, जिला उपाध्यक्ष, बूंदी प्रेमचंद गुर्जर, मीडिया प्रभारी एवं संयोजक, महिला प्रकोष्ठ ललिता लोधा ने अपने विचार व्यक्त किए। सेवानिवृत कार्मिकों की ओर से सामाजिक उत्थान व अपराध नियंत्रण की दिशा में हर संभव सहयोग प्रदान करने हेतु संकल्प दोहराया।

### सार-समाचार

## डोर टू डोर पट्टा वितरण किया

**कोटा,** (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के उप महापौर फरीदुद्दीन सोनू कुरेशी ने सोमवार को यू.डी.एच. मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशानुसार पट्टा आवेदको को डोर-टू-डोर 19 पट्टो का वितरण किया। कोटा उत्तर के उप महापौर फरीदुद्दीन सोनू कुरेशी ने बताया कि प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत घण्टाघर चश्में की बावड़ी क्षेत्र के 19 पट्टा आवेदनकर्ताओं को उनके घरों पर जाकर पट्टें प्रदान किए गए। साथ ही पट्टा वितरण के दौरान आमजन से आग्रह किया कि जिन लोगों ने अभी तक पट्टा लेने के लिए आवेदन नहीं किया है वो जल्द से जल्द आवेदन करें व राज्य सरकार की इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

## प्राकट्य महोत्सव के फोल्डर का विमोचन

**कोटा,** (निसं)। गौत्तम समाज बोरखेड़ा मंडल के अध्यक्ष विजय पंडित ने बताया की आगामी 22 मार्च 2023 को महर्षि गौतम प्राकट्य महोत्सव गौतम समाज बोरखेड़ा मंडल द्वारा धूमधाम से मनाया जाएगा। गौत्तम समाज बोरखेड़ा मंडल द्वारा आयोजित महर्षि गौतम प्राकट्य महोत्सव का फोल्डर विमोचन अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विशाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में किया गया।

## निर्वाचन अपरिहार्य कारणों से स्थगित

**कोटा,** (निसं)। सीएडी चम्बल कोटा की परियोजना समिति के सभापति एवं आठ सदस्यों के निर्वाचन अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिए गए है। निर्वाचन अधिकारी एवं अधीक्षण अभियन्ता हरेत लाल मीणा ने बताया कि परियोजना समिति की बुधवार 15 मार्च को आयोजित होने वाली साधारण निकाय की विशेष बैठक को अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश तक स्थगित कर दिया।

## कृषि समिति की बैठक 15 मार्च को

**कोटा,** (निसं)। कृषि विकास के कार्यक्रमों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्वक, उद्देश्यपरक एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय कृषि समिति, जिला स्तरीय शिकायत निराकरण समिति व जिला स्तरीय निगारनी समिति की बैठक जिला कलक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में बुधवार 15 मार्च को सायं 4 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी।

## उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक 15 को

**कोटा,** (निसं)। जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद की बैठक जिला कलक्टर ओपी बुनकर की अध्यक्षता में बुधवार 15 मार्च को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जाएगी।

## संगोष्ठी 15 मार्च को

**कोटा,** (निसं)। विश्व उपभोक्ता दिवस के अवसर पर बुधवार 15 मार्च को दोपहर 2 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

# भटनागर सभा विकास समिति कोटा का होली मिलन व वार्षिकोत्सव मनाया

**कोटा,** (निसं)। भटनागर सभा विकास समिति कोटा का होली मिलन व वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सभा के महासचिव सुनील भटनागर ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी के समक्ष सभा अध्यक्ष देवेंद्र कुमार भटनागर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व पूजा आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री गणपति उत्सव मैरिज गार्डन छावनी के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने होली मिलन समारोह को धूमधाम के साथ मनाया, वहीं एक दूसरे को तिलक गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान सभी ने समन्वय स्थापित करते हुए सभा के सर्वांगीण विकास की रूपरेखा तय की। कार्यक्रम में 35 वरिष्ठ नागरिकों, 15 स्वर्ण जयंती कपल, 12 उच्च शिक्षा सम्मान, 2 विशिष्ट उपलब्धि सम्मान और 11 खेलकूद पुरस्कार वितरित किए गए। सभी पुरस्कारों और सम्मान में आने वाले व्यय को भटनागर समाज के विभिन्न भामाशाह द्वारा प्रायोजित किया गया। विवेक भटनागर को प्रदेश कांग्रेस में पीसीसी सदस्य और शालिनी भटनागर को भाजपा में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी समाज जन का सभा अध्यक्ष देवेंद्र कुमार भटनागर द्वारा संबोधन के माध्यम से स्वागत किया गया। देवेंद्र कुमार भटनागर ने अपने संबोधन में कहा कि होली एक समरसता का पर्व है, ऐसे में समाज के विभिन्न प्रतिभाशाली व समाज में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सभी आपस में समन्वय स्थापित कर समाज उत्थान में अपना योगदान देंगे तो समाज आगे बढ़ेगा।

समाज के उत्थान के साथ ही राष्ट्र का उत्थान होगा और उसमें हमारी महत्ती भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि आगामी समय में समिति द्वारा सामाहिक उत्थान के कई कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना हैं, जिसमें आप सभी की सहभागिता का होना इस समिति को आगे बढ़ाने में सहायक होगी। इस अवसर पर सभी ने आपस में होली की शुभकामनाएं दी और गुलाल लगाया। श्री चित्रगुप्त पूजन और कार्यक्रम का संचालन महासचिव सुनील भटनागर द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रकट किया और स्नेह भोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर नितिन भटनागर, सत्येंद्र भटनागर, अशोक भटनागर, प्रदीप भटनागर, हिमांक भटनागर, उमेश भटनागर, प्रीति भटनागर, अविनाश भटनागर, शालिनी भटनागर, पंकज भटनागर, मनु भटनागर, अतुल भटनागर सहित कई लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## 'वीरांगनाओं की पीड़ा उठाकर किरोड़ी मीणा ने राजधर्म निभाया'

**कोटा,** (निसं)। पूर्व संसदीय सचिव भवानी सिंह राजावत ने कहा है कि सांसद डाक्टर किरोड़ीलाल मीणा ने गत कई दिनों से राष्ट्रवेदी पर प्राणों की आहुति देने वालें शहीदों की विधवाओं की पीड़ा को प्रदेश स्तर पर उठाकर अपना राजधर्म निभाया है लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जिस प्रकार वीरांगनाओं को प्रताड़ित किया, उनके साथ मारपीट हुई, उन्हें अपराधियों की तरह घसीटा गया वो अक्षम्य है, सरकार की घोषणाओं की क्रियान्विति की जायज मांग को लेकर धरने पर बैठी वीरांगनाओं के साथ ऐसा दुर्व्यवहार करने का जो अपराध गहलोत सरकार ने किया है और आगामी चुनावों में जनता उसे इसकी सजा जरूर देगी।

पूर्व विधायक राजावत ने सोमवार को सवाई मानसिंह चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड में भर्ती सांसद किरोड़ालाल मीणा से मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। राजावत ने कहा कि सांसद मीणा निरंतर कई दशकों से अन्याय और जुल्म के खिलाफ जनता के संघर्ष की मुखर आवाज बने हुए हैं और इतिहास गवाह है कि जनाधार वाले सच्चे नेता की आवाज को कुचलने वाले सिंहासन को जनता ने धूल में मिला दिया है, इसलिए अब किसी भी जादूगर का जादू राजस्थान में काम नहीं करेगा। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष प्रहलाद पंवार भी राजावत के साथ थे।

## केन्द्रीय मंत्री का ज्ञापन दिया

**कोटा,** (निसं)। वित्तीय सलाहकार अभिकर्ता संघ द्वारा बसंत विहार स्थित संघ के कार्यालय पर पधारे केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की गयी। जिसमें वित्तीय सलाहकार राजेन्द्र जैन द्वारा केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को पैन आधार लिंक समय सीमा बढ़ाने को लेकर ज्ञापन सौपकर एवं लेट फीस को रूपये 1000 से रूपये 100 करने का निवेदन किया।


**PUBLIC NOTICE**

**To whomsoever it may concern**

This is to inform the General Public that the following share certificates of Chambal Fertilisers and Chemicals Limited ("the Company"), having its Registered Office at Gadepan, District Kota, Rajasthan - 325 208,] has / have been lost by the shareholder(s):

| Name(s) of Registered Shareholder(s) | Certificate Nos. | Folio No. | No. of Shares |
|---|---|---|---|
| MAHADEVAPPA MAHALINGAPPA LONI(DECEASED) | 2010600-2010619 | E0006819 | 2000 |

In pursuance of Section 124 (6) of the Companies Act, 2013 read with the Investor Education and Protection Fund Authority (Accounting, Audit, Transfer and Refund) Rules, 2016, the aforesaid shares have been transferred by the Company to the Investor Educationand Protection Fund Authority ("IEPF Authority"). I am claiming the aforesaid shares from IEPF Authority and requesting the Company to issue entitlement letter for the above-mentioned shares. The Public are hereby cautioned against purchasing or dealing in any way with the above -mentioned share certificate(s).

Any person who has any objection / claim in respect of the aforesaid share certificate(s) should lodge the objection / claim with the Company or its Share Transfer Agent- **Zuari Finserv Limited, Plot No.2, Zamrudpur Community Centre, Kailash Colony Extension, New Delhi - 110 048** within a period of 30 days of publication of this notice after which no claim will be entertained. The Company may thereafter issue entitlement letter against the aforesaid share certificate(s), upon submission of all requisite documents to the satisfaction of the Company, for claiming the shares from IEPF Authority.

Place : BIJAPUR
Date : 14/03/2023

Name(s) of Legal Heir(s)
SUSHILA MAHADEV LONI


## राज्यपाल दो दिवसीय दौरे पर कोटा पहुंचे

- प्रशासनिक पुलिस अधिकारियों ने अगवानी का


**कोटा,** (निसं)। राज्यपाल कलराज मिश्र दो दिवसीय दौरे पर सोमवार को हेलीकॉप्टर से कोटा पहुंचे। एयरपोर्ट पर जिला कलक्टर ओपी बुनकर, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त राजपाल सिंह, पुलिस अधीक्षक शहर शरद चौधरी, ग्रामीण कावेंद्र सिंह सागर सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने की अगवानी। इस अवसर पर राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति एसके सिंह, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. कैलाश सोडानी, कृषि विश्वविद्यालय के डॉ. एके व्यास, अतिरिक्त कलक्टर शहर बृजमोहन बैरवा, एएसपी प्रवीण जैन, यूआईटी सचिव राजेश जोशी, कोटा विश्वविद्यालय के कुलसचिव एसके उपाध्याय सहित जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। यहां से राज्यपाल सीधे कोटा विश्वविद्यालय के अतिथि गृह पहुंचे तथा श्रीनाथपुरम स्थित नगर विकास न्यास ऑडिटोरियम में आयोजित कृषि विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षांत समारोह में भाग लिया।

## वीएमओयू का दीक्षांत समारोह आज

**कोटा,** (निसं)। राज्यपाल कलराज मिश्र वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय के 15वें दीक्षांत समारोह में मंगलवार 14 मार्च को भाग लेंगे। जिला कलेक्टर ओपी बुनकर ने बताया कि राज्यपाल प्रात: 11 बजे संत सुधासागर ऑडिटोरियम में दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि सांय 5 बजे कोटा एयरपोर्ट से जयपुर के लिए रवाना होंगे।








डिजिसाथी, डिजिटल पेमेंट विकल्पों से संबंधित जानकारी पर स्वचालित प्रतिक्रिया के लिए 24/7 हेल्पलाइन: टोल-फ्री नंबर: 1800-891-3333; संक्षिप्त कोड: 14431; वेबसाइट: www.digisaathi.info

# अरबों रुपयों की जमीन को हड़पने में भूमाफियाओं को प्रशासन का सहयोग है?

## 100 बीघा जमीन पर अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन ने पहले तो जे.सी.बी. भेजी, बाद में एस.डी.एम. ने कार्रवाई को रोका

**तारानगर,** (निसं)। तारानगर के वार्ड नं. 29 में पड़ी सैंकड़ों बीघा सरकारी जमीन को लेकर मामला गर्म है। लोगों का कहना है कि भूमाफियाओं ने नगर पालिका व तहसील के कर्मचारी व अधिकारीयों से सांठगाठ कर कूटरचित दस्तवेज तैयार कर वार्ड नं. 29 की सरकारी जमीन पर अपना मालिकाना हक जताते हुए सैंकड़ों हरे पेड़ो को नष्ट कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार भू-माफियाओं ने दो जेसीबी मशीन लगाकर पिछले पांच दिनों से सरकारी भूमी खसरा नं. 933/306, 934/306 पर वन विभाग द्वारा लगाये गये बड़े-बड़े हरे पेड़ों को काटकर समतलीकरण किया जा रहा था। जब उनसे पूछा गया तो बताया गया कि उक्त भूमी सरकारी नहीं होकर रामपूरा बेरी के पूरणाराम ब्राहमण की है जो अपनी जमीन का समतलीकरण करवा रहा है, जबकि आम जनता का कहना है कि उक्त भूमी सरकारी है जबसे खातेदारी का अधिकार मिला है तब से सन् 2012 तक टिब्बा धोरा के नाम से सरकारी जमीन राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी सन् 2012 से लेकर आज तक सिवाय चक नगर पालिका तारानगर के नाम से सरकारी पत्रावली में दर्ज है व नगर पालिका तारानगर ही मालिक है, उक्त भूमि में से कुछ भूमी हरीजन समाज के मोक्षभूमि के लिये आवंटित हुई।

कुछ भूमि पर नये भवन भी बने हुए है व कुछ भूमि एक निजी आई टी आई कॉलेज को भी सरकार ने आवंटित की है। उक्त भूमि में से हीं से बहुत से लोगों को नगर पालिका ने पट्टा बना कर दिया तो वहीं सरकार ने वहां पर जलदाय विभाग के लिये टंकी के लिये जमीन उपलब्ध करवाई तो वहीं कई तरह के सरकारी प्रोजेक्ट की पत्रावलीयां भी चल रही है। उक्त जेसीबी मशीन द्वारा काटे जा रहे हरे पेड़ो को देखकर आम जनता ने इसका विरोध किया और उपखण्ड अधिकारी सहित जिला कलेक्टर को शिकायत दर्ज करवाई तो मौके पर पहूंचे उपखण्ड अधिकारी सुभाष भड़िया ने उक्त जेसीबी का काम रूकवाया तो वहीं मौके पर उक्त जमीन पूरणाराम ब्राहमण के नाम से लगा बोर्ड भी जब्त करवाया। वहीं प्रशासन ने मौके से जेसीबी सहित अतिक्रमियों को खदेड़ दिया। लोगों में इस बात का गुस्सा है कि उक्त सैंकड़ों



उपखण्ड अधिकारी सुभाष भड़िया को धरना स्थल पर तारानगर वासियों ने ज्ञापन दिया।

बीघा कीमती सरकारी जमीन पर भूमाफियाओं ने अपना मालिकाना हक कैसे जताया। इसी बात को लेकर वार्ड नं. 29 में सर्वसमाज के लोगो ने बैठक बुलाकर एक संघर्ष समिति बनाई और तहसील कार्यालय के आगे धरना शुरू कर आला अधिकारियों के नाम से एक ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी को तहसील कार्यालय के आगे सौंपा।

**इस तरह से भूमाफियाओं ने रची साजिश:-** भूमाफियाओं ने खाली पड़ी सरकारी जमीन पर पूरणाराम के नाम से तारानगर सिविल न्यायालय में एक वाद अपने ही व्यक्तियों सहित नगर पालिका के खिलाफ दायर कर स्टे ऑर्डर प्राप्त कर उक्त सरकारी भूमि पर जेसीबी मशीन से हरे पेड़ काटकर समतलीकरण का कार्य प्रारम्भ कर दिया। भूमाफियाओं ने उक्त भूमि पर अपना हक व अधिकार जताने के लिये एक कूटरचित वसीयत का भी तहसील कार्यालय में पंजियन करवा लिया। उक्त समस्त प्रकरण में सामने आया कि जब पूरणमल ब्राहमण ग्राम रामपूरा बेरी जब एक माह का था तब उसके दादा बद्री प्रसाद पुत्र मगनाराम को तारानगर के गणेशमल व चौथराम पुत्रगण बीजाराम माली ने तारानगर उस समय की रिणी बुलाकर अपनी 1200 बीघा जमीन में से 200 बीघा जमीन एक महिने के

- **तारानगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अरूण स्वामी ने इस मामले के संबंध में बताया कि मामले की जांच करवाई जा रही है। आरोप सही नहीं है।**
- **लोगों का कहना है कि पालिका व तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों से सांठगांठ कर भूमाफिया ने हरे पेड़ों को नष्ट किया है**

बच्चे जिसका नाम पूरणमल ब्राहमण के नाम 9 सितम्बर 1951 को वसीयत कर दी, जबकि उक्त जमीन बीजाराम माली को रिणी निजामत के हवलदार द्वारा सम्वत 1902 मिती आषाढ सुदी 2 बख्शीस में मिली हुई थी।

अब पूरणमल ब्राहमण को याद आया कि मेरी एक जमीन तारानगर में है जिस पर अपना हक व अधिकार जमाने की कोशिश की गई। जब लोगों ने इस तरह के बख्सीसनामा के बारे जानने का प्रयास किया तो बताया कि इस तरह के राजा महाराजा के समय कोई रिकार्ड संधारित नहीं किया जाता है। लोगों का कहना कि उक्त बख्शीस नामा फर्जी व कूटरचित है।

तहसील कार्यालय के आगे हुए धरना प्रदर्शन में लोगों का कहना है कि उक्त जमीन के मामले में कई अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि भी इसमें शामिल है जिस वजह से इतनी पूरानी वसीयत का तहसील कार्यालय में शीघ्रता से पंजियन होना, नगर पालिका द्वारा पूरणाराम की जमीन को स्वीकार करना इस ओर दर्शाता है कि इस अरबों रूपये की कीमती जमीन को हड़पने में नगर पालिका, तहसील कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों सहित कई जनप्रतिनिधियों का सहयोग है व कई जगह बन्दरबाट हुई है। लोगों ने वसीयत व बख्शीसनामे को फर्जी होना भी बताया।

धरना प्रदर्शन के समय एडवोकेट निर्मल प्रजापत, एडवोकेट जितेन्द्र सिंह, राकेश जांगिड़, महावीर पूनियां, उमराव सिंह, भगवती प्रसाद शर्मा, पार्षद शिवकुमार सहित सैंकड़ो की संख्या में लोग धरने पर उपस्थित थे।

तारानगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी अरूण स्वामी ने इस मामले के संबंध में बताया कि मामले की जांच करवाई जा रही है। आरोप सही नहीं है। नगर पालिका के कर्मचारी अपनी ड्यूटी कर रहे है। उक्त भूमि नगर पालिका तारानगर की भूमि है। जिसका संरक्षण करना हमारा कर्तव्य है।

# कार अनियंत्रित होकर ट्रेलर से टकराई, दो यात्रियों की मौत, तीन घायल



बांदनवाड़ा में हुए हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

**बांदनवाड़ा,** (निसं)। कस्बे से होकर गुजरते नेशनल हाइवे की पुलिया के बीचो-बीच सोमवार दोपहर नसीराबाद से भीलवाड़ा की ओर जा रही एक कार अनियंत्रित होकर ट्रेलर से टकरा गई। हादसे में दो यात्रियों की मौत हो गई। वहीं 3 घायल हो गये। जहां जमा भीड़ की मदद से खासी मशक्कत कर शव तथा घायलों को बाहर निकाला गया। भीषण टक्कर से कार का अगला हिस्सा बूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया जहां मौके पर पहुंचे अन्य युवकों की सहायता से घायलों तथा मृतकों को खासी मशक्कत कर कार से बाहर निकलवाया।

मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से यातायात सुचारू करवाया। चौकी प्रभारी गिरधरसिंह ने बताया कि चौकी प्रभारी गिरधरसिंह ने बताया कि पांच दोस्त कार में सवार होकर खाटूश्याम के दर्शन कर अपने गांव जा रहे थे। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 बांदनवाड़ा पुलिया पर तेज रफ्तार कार ट्रेलर के पीछे घुस गई जिससे कार में सवार रमेश (24) पुत्र शंकर गाडरी निवासी कानाखेड़ा (भोपालसागर चित्तौड़) व जमनेश (35) पुत्र मदन कलाल निवासी पोहुना (राशमी चित्तौड़) की मौके पर ही मौत हो गई। तीन अन्य दिनेश, हीरालाल व किशनलाल कीर घायल हो गए। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए तथा घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। भिनाय थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरु कर दी है।

## डोडा-चूरा से भरी कार व पिस्टल जब्त

**उदयपुर,** (निसं)। जिले के खैरोदा थाना पुलिस ने अवैध डोडा-चूरा से भरी कार को नाकाबंदी तोड़ लेकर भाग रहे तस्करों को रोकने पर तस्करों द्वारा फायरिंग करने पर पुलिस द्वारा भी जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की। इस दौरान पकड़े जाने के भय से बदमाश कार छोड़ भागे। पुलिस ने कार से अवैध डोडा-चूरा व एक पिस्टल बरामद की।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, पुलिस उप अधीक्षक रविन्द्र प्रतापसिंह के सुपरविजन में खैरोदा थानाधिकारी पवनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने रविवार रात में भटेवर वासुदेव होटल के सामने पहुंच कर राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर नाकाबंदी शुरू की। इस दौरान मंगलवाड की तरफ से आरही कार का चालक पुलिस को देख कार मोड कर गलत दिशा की तरफ लेकर भागा।

इसको देख पुलिस दल ने पिछा कर रोकने का प्रयास किया। लेकिन चालक द्वारा कार भगा ले जाने पर फायिंरग की। इस पर पुलिस दल ने जवाबी फायरिंग की तो तस्कर अंधेरे में मारवेल होटल के पास मेनार माल में रोड़ पर लावारिस हालत में कार छोड़ कर फरार हो गए। इस पर पुलिस दल ने मौके पर पहुंच कर तलाशी ली तो कार में रखे 19 कट्टों में करीब 395 किलोग्राम अवैध डोडा-चूरा पाया गया तथा एक पिस्टल मिली। पुलिस ने कार व डोडा चूरा तथा पिस्टल जब्त कर प्रकरण दर्ज कर जांच कानोड़ थानाधिकारी मनीष कुमार खोईवाल को सौंपी।

# 50 लाख रुपये की पंजाब निर्मित अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**मनोहरपुर,** (निसं)। मनोहरपुर थाना पुलिस ने सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर दिल्ली-जयपुर के नवलपुरा मोड पर अवैध शराब तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंजाब निर्मित अवैध शराब की एक बड़ी खेप जब्त की है। पुलिस ने शराब परिवहन में प्रयुक्त ट्रक को जब्त कर उससे अवैध शराब के 450 कार्टन बरामद किए हैं। शराब परिवहन के आरोप में दो जनों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की बाजार कीमत 50 लाख रुपए बताई जा रही है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव पचार ने बताया कि पुलिस को सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर दिल्ली से जयपुर की ओर आने वाली सडक पर कोटपूतली की तरफ से एक ट्रक आ रहा है। जिसमें अवैध पंजाब निर्मित शराब भरी होने की सम्भावना है। सूचना के बाद में थानाधिकारी मनीष शर्मा, एएसआई बलवान, रमेश चंद, दिलीप कुमार सहित कुल 11 सदस्यीय टीम ने दिल्ली से जयपुर जाने वाली रोड पर नवलपुरा मोड पर दिल्ली की तरफ से आने वाले सभी वाहनों की जांच की। इसी दौरान सूचना के अनुसार बताए ट्रक की जांच कि तो पुलिस भी चकरा गई। ट्रक में सफेद कली के कट्टे भरे हुए थे। मुखबिर की पुख्ता सूचना होने से पुलिस ने ट्रक कि गहनता से तलाशी ली।

पुलिस ने मामला दर्ज करके सारला थाना बाखासर जिला बाडमेर निवासी हेमाराम (23) पुत्र रेखाराम जाट व राम उर्फ रामाराम (33) पुत्र भीखाराम जाट को गिरफ्तार किया है।

## बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। कल्याणपुर थाना पुलिस ने मोबाईल व नकदी लूट के मामले में फरार इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार पीड़ित राहुल पुत्र जितेन्द्र निवासी बरना कल्याणपुर ने 5 मार्च 2023 को पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि गत सांय मेरे साथ बरना सोमनदी पुल पर लूट की वारदात हुई। इस दौरान लुटेरे मेरा मोबाईल व 12 हजार रूपये नकदी लूट ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर गठित दल ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर सोम नदी पुलिया पर लूट की वारदात का खुलासा करते हुए इस मामले में फरार पांच हजार के इनामी बदमाश लोकेश पुत्र अमृतलाल निवासी करनुवा खेरवड़ा को गिरफ्तार किया।

# 17 टन एल.पी.जी. से भरा टैंकर पलटा

**सूरतगढ़,** (निसं)। एलपीजी गैस से भरा एक टैंकर सोमवार सुबह पलट गया। हादसे में वॉल्व खुलने से गैस रिसाव होने लगा। मौके से गुजर रहे लोगों की सूचना पर तुरंत बिजली और मोबाइल फोन बंद करवाए गए। पुलिस और दमकल की 4 गाड़ियों ने मौके पर आकर हालात को संभाला। हादसा श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ का है। सिटी थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि हादसा हनुमानगढ़ फोरलेन बाइपास पर सैनी गार्डन के पास हुआ। गुजरात पोर्ट से पंजाब के बठिंडा गैस प्लांट में एलपीजी से भरा एक टैंकर सूरतगढ़ होकर जा रहा था। इस दौरान सैनी गार्डन के पास मोड पर टैंकर बैलेंस बिगड़ने पर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। टैंकर का वाल्व लीक होने के कारण गैस का रिसाव शुरू हो गया। ड्राइवर चरण सिंह ने अपने स्तर पर कपड़ा लगाकर रिसाव को रोकने की कोशिश की। मगर रिसाव होने पर वह भाग गया। हादसे के बाद बाइपास पर जाम लग गया। पुलिस ने वाहनों

- **वाल्व खुलने से हुआ लीकेज, बिजली और मोबाइल फोन बंद करवाये, ड्राइवर भागा**

को डायवर्ट कर निकाला। सूरतगढ़ समेत थर्मल की 4 दमकल गाड़ियों को भी मौके पर बुलाया। ट्रक मालिक पंजाब निवासी जगदीप सिंह पुत्र साधू सिंह को भी हादसे की सूचना दी गई है।

गैस लीकेज रोकने के लिए बठिंडा प्लांट से टेक्निकल टीम पहुंची। टेक्निकल टीम ने सुरक्षा उपायों के साथ गैस टैंकर की लीक हो रही एलपीजी को रोकने के प्रयास शुरू किए। टेक्निकल टीम के मुताबिक इस घटना का अच्छा पहलू यह रहा कि ट्रक चालक ने फरार होने से पहले कपड़े से लीकेज हो रही एलपीजी को रोकने का प्रयास किया था। जिसका नतीजा यह रहा कि सुराख के स्थान पर कपड़ा फंस गया और उसके इर्द-गिर्द गैस जम गई। अन्यथा 17 टन के करीब टैंकर में भरी गैस के परिणाम कुछ भी हो सकते थे।

दूसरी ओर पूरी तरह गैस रोकने के हरसंभव उपाय करने के बावजूद भी सफलता नहीं मिलने पर आखिरकार सदियों से चले आ रहे देसी उपाय 'लकड़ी की गुल्ली' बनवाकर चूने, कपड़े और गुड़ के मिश्रण के साथ लीकेज सुराख में ठोकनी पड़ी। तब कहीं जाकर पूरी तरह गैस की लीकेज रुक पाई। मौके पर पहुंचे पंजाब निवासी टैंकर मालिक ने तीन हाइड्रा क्रेनों को हायर करते हुए सावधानीपूर्वक टैंकर को सीधा करवाया। इसके बाद एहतियात के साथ टैंकर को सड़क के एक किनारे जैक की सहायता से सही स्थिति में खड़ा किया गया। तब कहीं जाकर फोरलेन सड़क मार्ग के एक तरफ का यातायात बहाल हो सका। फिलहाल सुबह से लेकर शाम 5 बजे तक की गई इस कार्रवाई में कुछ राहत मिलने पर मौके से तीन दमकलों को हटवा दिया गया। वहीं टैंकर के रवाना नहीं होने तक एक फायर टेंडर को स्टैंडबाई मोड पर रखा गया है।

# मांडलगढ़ के अभयपुरा गांव में खदान से सटी वन भूमि के ऊँचे पहाड़ में किया जा रहा सोपस्टोन का अवैध खनन

## खनन के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन नहीं होने से श्रमिकों की जान को खतरा

**मांडलगढ़,** (निसं)। अभयपुरा में सोपस्टोन की खदान से सटी वन भूमि के ऊँचे-ऊँचे पहाड़ों में अवैध खनन किए जाने का मामला सामने आया है।इस दौरान खदान में हेवी ब्लास्टिंग करने से पत्थर उछल कर लोगों के घरों में आ जाते हैं, वहीं अंधाधुंध अवैध खनन से हरे वृक्षों को उखाड़ा गया है। जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है।

**मांडलगढ़-जहाजपुर सीमा पर स्थित अभयपुरा गाँव के पास:-** मैसर्स कुलदीप सिंह जुनेजा की सोपस्टोन की माइंस एमएल नंबर 85/82 वर्ष 1982-83 से संचालित है। खदान से सटे ऊँचे पहाड़ की वन भूमि में धड़ल्ले से अवैध खनन किया जा रहा हैं। इस मामले में ग्रामीणों ने बताया कि भीलवाड़ा के खनिज विभाग और वन विभाग को कई बार शिकायत की गई। लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि खदान में सुरक्षा मानकों के नियम कायदे ताक में रख कर खनन किया जा रहा हैं। खदान संचालक द्वारा हेवी विस्फोटक सामग्री से ब्लास्टिंग की जाती हैं। जिससे पत्थर उछल कर घरों में आ गिरते है। वहीं भारी भरकम फोकलेन मशीनों से हरे वृक्षों को उखाड़ कर फैंक दिया गया है। खदान में कार्यरत श्रमिकों को स्वास्थ्य सुरक्षा किट नहीं

- **वहीं हेवी ब्लास्टिंग करने से पत्थर उछल कर लोगों के घरों में आ जाते हैं**

दिए जाते है। और न ही श्रमिकों की उपस्थिति पंजिका रखी जाती हैं। खनन के दौरान कोई भी हादसा होने पर खान संचालक जिम्मेदारी से भागते हैं।

ग्रामीणों ने खान सुरक्षा निदेशालय, सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड नई दिल्ली, को भी शिकायत कर अवगत कराया हैं। सॉपस्टोन खदान के कारण पर्यावरण व वन क्षेत्र को होने वाले नुकसान के साथ भूस्खलन की संभावनाएं, पेयजल स्त्रोत सूखने, मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव, खनन के दौरान मशीनों से उड़ने वाली धूल के नुकसान को लेकर एनजीटी भी गंभीर नहीं है।

इस मामले में खनिज विभाग और वन विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेने का प्रयास किया। लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया।

उधर खदान संचालक ने बताया कि खदान की निर्धारित सीमा में ही नियमानुसार खनन कार्य किया जा रहा हैं। ग्रामीणों को कोई परेशानी है तो समाधान किया जाएगा।



अभयपुरा गांव के पास सोपस्टोन की खदान से सटी वन भूमि के पहाड़ में अवैध खनन किया जा रहा है।

# कांग्रेस-भाजपा ने मिलकर बारी-बारी से राजस्थान को लूटा है : केजरीवाल

## 'राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस की लूट बंद करने के लिए आप सरकार की जरूरत'

**जयपुर** (का.सं.)। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ आज जयपुर में तिरंगा यात्रा निकाली।

केजरीवाल ने तिरंगा यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद से अब तक कांग्रेस ने 48 साल और भाजपा ने 18 साल राजस्थान में शासन किया, फिर भी किसान-मजदूर आत्महत्या कर रहे हैं। वर्ष 1993 से भाजपा और कांग्रेस ने मिलकर बारी-बारी से राजस्थान को लूटा है। ये एक-दूसरे पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हैं, लेकिन आज तक किसी को जेल नहीं भेजा, क्योंकि इनकी आपस में सेटिंग है।

उन्होंने कहा कि दोनों पार्टियों के अंदर लड़ाई चल रही है। ये जनता के लिए नहीं बल्कि मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए लड़ रहे हैं वहीं मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के सरकारी स्कूल ठीक कर दिए तो इनको बर्दाश्त नहीं हुआ और उनको जेल भेज दिया गया, क्योंकि ये स्कूल नहीं बना सकते। राजस्थान में भी दिल्ली जैसे शानदार स्कूल-अस्पताल बन सकते हैं, लेकिन इसके लिए 'आप'' की ईमानदार सरकार लानी होगी।



आम आदमी पार्टी ने सोमवार को जयपुर में सांगानेरी गेट से अजमेरी गेट तक तिरंगा यात्रा निकाली जिसमें भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

उन्होंने कहा कि अब कांग्रेस और भाजपा वाले ये नहीं कह सकते हैं कि राजस्थान की जनता ने हमें मौका नहीं दिया। 48 साल बहुत होते हैं और 18 साल भी बहुत होते हैं। इसके बावजूद हम देख सकते हैं कि राजस्थान का क्या हाल है। राजस्थान में बहुत गरीब है। किसान-मजदूर आत्महत्या कर रहे हैं। किसानों को अपनी फसल के दाम नहीं मिल रहे हैं। बेरोजगारी और महंगाई है और पेपर लीक हो रहे हैं। पूरे राजस्थान का बहुत बुरा हाल है। शहीदों की वीरांगनाएं जब अपना हक मांगने जाती हैं, तो बेइज्जत करके वापस भेज दिया जाता है।

केजरीवाल ने वर्ष 1993 से लेकर आज तक राजस्थान में एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की सरकार बनती आई है। लोगों ने बारी-बारी कांग्रेस और भाजपा को मौका दिया और बारी-बारी दोनों ने राजस्थान को लूटा। जब भाजपा की सरकार आती है तो कांग्रेस वाले उन पर घोटाला करने का अरोप लगाते हैं। जनता सोचती है कि कांग्रेस को मौका दो, ये इनको जेल भेजेंगे। लेकिन कोई जेल में नहीं जाता है। आज तक भाजपा वालों ने एक भी कांग्रेसी को जेल नहीं भेजा और कांग्रेस वालों ने भी एक भी भाजपा वाले को जेल नहीं भेजा। दोनों में बड़ी अच्छी सेटिंग है। लेकिन हमारी इनसे सेटिंग नहीं है, हमारी सेटिंग जनता से है। हमारा जनता के साथ रिश्ता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमने स्कूल-अस्पताल बनवाए। बिजली फ्री कर दी। घर-घर पानी पहुंचा दिया। सड़कें बनवाई। ये सारे काम अब पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने शुरू कर दिया है। पंजाब में अब स्कूल-अस्पताल ठीक होने लगे हैं और 500 मोहल्ला क्लीनिक भी बन गए हैं। दवाइयां व टेस्ट फ्री है। पंजाब में बिजली भी फ्री कर दी है। पंजाब में 'आप' की सरकार ने एक साल में 27 हजार सरकारी नौकरिया दे दी। साथ ही, कच्चे कर्मचारियों को पक्का कर दिए। ये सारे अच्छे काम राजस्थान में भी हो सकता है, लेकिन इसके लिए बड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। एक-एक घर जाकर वोट मांगनी पड़ेगी।

केजरीवाल ने राजस्थान की जनता से अपील करते हुए कहा इस बार आम आदमी पार्टी की ईमानदार सरकार लेकर आइए। हमें राजनीति करनी नहीं आती है, हमें स्कूल बनवाने आते हैं। इस अवसर पर मान ने कहा कि राजस्थान में भाजपा और कांग्रेस ने बारी-बारी से राजस्थान को लूटा। अभी तक जनता के पास कोई विकल्प नहीं था, लेकिन अब आप पार्टी के रुप में विकल्प मौजूद है। सोलह मार्च को पंजाब में "आप" की सरकार को एक साल पूरे हो जाएंगे।

# 'पूर्व विधायक की पत्नी ने सड़क पर अतिक्रमण किया'

## हाईकोर्ट ने प्रहलाद गुंजल की पत्नी के कब्जे को नियमित करने के फैसले को गलत मानते हुए रद्द कर दिया

- कोर्ट ने रोड की चौड़ाई कम कर जमीन आवंटित करने और उसका नियमितिकरण करने के यूआईटी कोटा के फैसले को गलत मानते हुए रद्द कर दिया है
- अदालत ने कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार सड़क की चौडाई बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए राज्य सरकार तीन माह में उचित कार्रवाई कर सड़क की चौड़ाई को मास्टर प्लान के अनुसार करे

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने पूर्व विधायक प्रहलाद गुंजल की पत्नी जय कंवर के अतिक्रमण को नियमित करने के लिए सडक की चौडाई घटने पर आश्चर्य जताया है। अदालत ने कहा कि अतिक्रमण को नियमित करने के लिए सड़क की चौडाई को कम कैसे किया जा सकता है। अदालत ने यह भी कहा कि यूआईटी, कोटा ने सड़क की चौड़ाई कम करने का निर्णय लिया और राज्य सरकार ने उसे स्वीकार भी कर लिया। इसके साथ ही अदालत ने रोड की चौडाई कम कर जमीन आवंटित करने और उसका नियमितिकरण करने के यूआईटी कोटा के फैसले को गलत मानते हुए रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि मास्टर प्लान के अनुसार सड़क की चौडाई बनाए रखना आवश्यक है। इसलिए राज्य सरकार तीन माह में उचित कार्रवाई कर सड़क की चौड़ाई को मास्टर प्लान के अनुसार करे। एक्टिंग सीजे एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस अनिल उपमन की खंडपीठ ने यह आदेश अनिल सुवालिका की जनहित याचिका का निस्तारण करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान यूआईटी, कोटा की ओर से अपने जवाब में कहा कि प्रहलाद मीणा पन्द्रह हजार वर्ग फीट जमीन का खातेदार है और आठ हजार वर्ग फीट सरकारी जमीन भी उसके कब्जे में थी, ने प्रहलाद गुंजल की पत्नी जय कंवर को यह जमीन बेचने के लिए 28 अप्रैल 2013 में एग्रीमेंट किया था। एसटी वर्ग का होने के चलते प्रहलाद मीणा को अधिकार नहीं था कि वह गैर एसटी वर्ग की महिला के पक्ष में अपने खातेदारी अधिकारों का हस्तांतरण करे। ऐसे में काश्तकारी अधिनियम की धारा 42 के तहत यह एग्रीमेंट अवैध था। जिसे रिकॉर्ड पर लेते हुए अदालत ने मास्टर प्लान के तहत सडक की तय चौडाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए किए गए आवंटन को अवैध माना है।

जनहित याचिका में अधिवक्ता विमल चौधरी और अधिवक्ता योगेश टेलर ने बताया कि मास्टर प्लान में कोटा के जीएडी सर्किल से शिवपुरा रोड 160 फीट और केशवपुरा रोड सौ फीट चौडी निर्धारित की गई है। दोनों सड़कों के बीच प्रहलाद गुंजल की पत्नी के नाम मकान है। तत्कालीन विधायक गुंजल के प्रभाव में आकर यूआईटी और राज्य स्तरीय लैंड यूज कमेटी ने शिवपुरा रोड को सौ फीट और

# भाजपा का संगठन मजबूत, हमारे प्रदेश अध्यक्ष भी निष्क्रिय : हरीश चंद्र मीणा

**जयपुर**, (का.प्र.)। कांग्रेस विधायक हरीश चंद्र मीना को भाजपा मजबूत पार्टी लगती है और उन्होंने बाकायदा अपने विधानसभा क्षेत्र में हुए एक कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यकर्ताओं के बीच कहा कि बीजेपी ज्यादा मजबूत पार्टी है। इसी कार्यक्रम के दौरान उन्होंने भाजपा और कांग्रेस के संगठन की तुलना करते हुए अपनी ही पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को निष्क्रिय बताते हुए कहा कि हमारा प्रदेशाध्यक्ष बीते 2 ढाई साल से निष्क्रिय है। हमारे पास पूर्णकालिक प्रदेशाध्यक्ष नहीं है, यह अस्थाई व्यवस्था है। मीना ने मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए कहा कि ढाई साल से टोंक में भी जिलाध्यक्ष नियुक्त नहीं किया गया। इसमें मेरी कोई गलती नहीं है। देवली उनियारा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होली मिलन समारोह में विधायक हरीशचंद्र मीना ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बीजेपी को हर स्तर पर मजबूत है। मीणा ने कहा कि हमारी विरोधी पार्टी का हर स्तर पर कार्यकर्ता और संगठन पदाधिकारी है, बीजेपी का कार्यकर्ता गांव से लेकर बूथ, तहसील, जिला लेवल पर है। उसके मुकाबले हमारा संगठन कहां है। कार्यकर्ता के सामने तो कार्यकर्ता ही लड़ाई लड़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि मेरे से पूछा गया, लेकिन मैंने कहा मैं मेरे विधानसभा क्षेत्र के बारे में बात कर सकता हूं। सारे राजस्थान की बात मेरे बस की नहीं है।

उल्लेखनीय है कि हरीश चंद्र मीणा का ताजा बयान इसलिए चर्चा में माना जा रहा है और लोग कह रहे हैं कि भाजपा के संगठन की बढ़ाई करके क्या एक बार फिर मीणा का ध्यान उस ओर जाने का है।

## रंधावा ने पूरे देश को अपमानित किया : सतीश पूनियां

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने कहा कि, कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने बयान देकर देश की शहादत का अपमान किया है, प्रधानमंत्री की पद की गरिमा को अपमानित किया है, पूरे देश को अपमानित किया है।

रंधावा का बयान इनकी कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी के विचारों से मेल खाता है, जिस तरह वह विदेशों में जाकर देश की छवि को बदनाम करने की कोशिश करते हैं।

# अगर मोदी रहा तो देश बर्बाद हो जाएगा : रंधावा

**जयपुर**, (का.प्र.)। राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के बयान से विवाद पैदा हो गया है और भाजपा ने उनके भाषण को लेकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी से माफीनामा मांग लिया है। दरअसल प्रदेश कांग्रेस के राजभवन घेराव कार्यक्रम के दौरान हुई सभा में राजस्थान प्रभारी रंधावा ने कहा कि सभी नेताओं से कहता हूं कि अपनी लड़ाई खत्म करें। मोदी-बीजेपी को खत्म करने की बात करिए। अगर मोदी खत्म हो गया तो देश बच जाएगा। अगर मोदी रहा तो देश बर्बाद हो जाएगा। मोदी देशभक्ति की बात करते हैं। उन्हें पता ही नहीं कि देशभक्ति होती क्या है? इसी बयान को लेकर भाजपा नेताओं ने रंधावा और सोनिया तथा राहुल गांधी को निशाने पर ले लिया है।

राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने अपने भाषण में पुलवामा हमले को लेकर भी सवाल खड़े करते हुए कहा कि हमारा गांव पाकिस्तान से महज 5 किलोमीटर दूरी पर है। हम कभी पाकिस्तान से नहीं डरते और मोदी कहते हैं कि हम उनको घुस कर मारेंगे। रंधावा ने कहा कि अरे भाई वह पुलवामा कैसे हो गया, उसकी इंक्वायरी करवाओ, आज तक जवानों का पता नहीं चला कि वह कैसे शहीद हो गए। कहीं इलेक्शन जीतने के लिए तो ऐसा नहीं कर दिया। ऐसा कहकर रंधावा ने सीधे तौर पर पुलवामा आतंकी हमले पर ही सवाल उठा दिए हैं।

रंधावा ने कहा कि हमारी लड़ाई अडानी अंबानी से नहीं हमारी लड़ाई बीजेपी से है, अगर बीजेपी मर गई तो जुएं स्वयं ही मर जाएंगे। रंधावा ने कहा कि भैंस को मार दिया जाए तो जुएं तो खुद ही मर जाती हैं, ठीक इसी तरह अगर बीजेपी को मार दो, अडानी इनके साथ ही मर जाएगा। उन्होंने कहा कि सब अडानी की बात कर रहे है। जबकि सबको मोदी-मोदी करना चाहिए। यह मोदी देश का बेड़ा गर्क कर रहा है। बीजेपी शासित केंद्र सरकार देश को बेच रही है।

## कुहनेमन और मर्फी ने बेजोड़ प्रदर्शन किया : स्मिथ

अहमदाबाद, 13 मार्च। ऑस्ट्रेलिया के कार्यवाहक कप्तान स्टीव स्मिथ का मानना है कि भारत दौरे में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले स्पिनर टॉड मर्फी और मैथ्यू कुहनेमन ने भारतीय उपमहाद्वीप के अपने पहले दौरे में शानदार प्रदर्शन किया। अनुभवी नाथन लियोन 22 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे लेकिन ऑफ स्पिनर मर्फी (चार टेस्ट में से 14 विकेट) और कुहनेमन (तीन टेस्ट में नौ विकेट) ने भी कई स्टार बल्लेबाजों की मौजूदगी वाली भारतीय टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। स्मिथ ने श्रृंखला समाप्त होने के बाद कहा, "सभी खिलाड़ियों ने पिछले कुछ सप्ताह में अच्छा प्रदर्शन किया। कुहनेमन और मर्फी ने भारत में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया, यह कई बार काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है और जिस तरह से उन्होंने प्रदर्शन किया वह शानदार था।'' उन्होंने ट्रैविस हेड की भी सराहना की जो नियमित सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर के कोहनी में फ्रैक्चर के कारण स्वदेश लौटने के कारण पारी का आगाज करने के लिए उतरे। स्मिथ ने कहा,"इतने कम समय में सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाना हेड के लिए वास्तव में सकारात्मक रहा। इसके अलावा ग्रीनी (कैमरन ग्रीन) ने जिस तरह से वापसी की, वह भी शानदार रहा।'' स्मिथ ने इसके साथ ही कहा कि श्रृंखला बेहतर माहौल में खेली गई।

## कीनिया ओपन में 65वें स्थान पर रहे मनु गंडास

रोबी, 13 मार्च। भारत के मनु गंडास मैजिकल कीनिया ओपन गोल्फ प्रतियोगिता के अंतिम दौर में एक ओवर 73 का ही स्कोर बना पाए और इस तरह से संयुक्त 65वें स्थान पर रहे। गंडास ने चौथे और अंतिम दौर में तीन बर्डी बनाई, लेकिन इस बीच उन्होंने चार बोगी भी की। उनका कुल स्कोर एक अंडर 283 रहा। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा कट में जगह नहीं बना पाए थे। स्पेन के जॉर्ज कैंपिलो ने दो स्ट्रोक की बढ़त से अपना तीसरा डीपी विश्व टूर खिताब जीता।

## चिक्कारंगप्पा छठे स्थान पर रहे, ऑर्म्सबी ने जीता खिताब

हुआ हिन, 13 मार्च। तीसरे दौर के बाद चार खिलाड़ियों के साथ संयुक्त बढ़त हासिल करने वाले भारतीय गोल्फर एस चिक्कारंगप्पा अंतिम दौर में डबल बोगी से शुरुआत करने के बाद उससे उबर नहीं पाए और अंतरराष्ट्रीय सीरीज थाईलैंड में संयुक्त छठे स्थान पर रहे। चिक्कारंगप्पा ने अंतिम दौर में दो अंडर 70 का स्कोर किया और कुल 17 अंडर के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे।

# भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती, चौथा टेस्ट ड्रॉ




अहमदाबाद, 13 मार्च। ट्राविस हेड (90) और मार्नस लाबुशेन (63 नाबाद) के जुझारू अर्द्धशतकों के कारण चौथा टेस्ट सोमवार को ड्रॉ होने के बाद भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट सीरीज 2-1 से जीत ली। ऑस्ट्रेलिया पांचवें दिन की शुरुआत में 88 रन से पिछड़ा हुआ था। मैथ्यू कुह्नेमन (06) का विकेट जल्दी गिरने के बाद हेड और लाबुशेन ने दूसरे विकेट के लिये करीब 49 ओवर में 129 रन की साझेदारी की। सलामी बल्लेबाज हेड ने 163 गेंद पर 10 चौकों और दो छक्कों के साथ 90 रन बनाये, जबकि लाबुशेन ने अपने धैर्य का परिचय देते हुए 213 गेंद में मात्र सात चौके लगाकर 63 रन की नाबाद पारी खेली।

ऑस्ट्रेलियाई पारी के 78 ओवर गुज़रने के बाद भी सिर्फ दो विकेट गिरने पर कप्तान रोहित शर्मा और स्टीव स्मिथ हाथ मिलाकर मैच को ड्रॉ करने पर सहमत हुए। भारत ने इस सीरीज जीत के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में भी जगह बना ली है। इंग्लैंड के ओवल मैदान पर जून में होने वाले फाइनल में भारत का सामना ऑस्ट्रेलिया से ही होगा। ऑस्ट्रेलिया ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम की बेजान पिच पर दिन की शुरुआत कुह्नेमन का विकेट गंवाकर की, हालांकि इसके बाद हेड और लाबुशेन पिच पर जम गये। भारत को दिन की पहली सफलता दिलाते हुए रविचंद्रन अश्विन ने कुह्नेमन को छह रन पर पगबाधा किया।

अश्विन ने इसके बाद भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को परेशान किया लेकिन दूसरे छोर से साथ न मिलने के कारण वह कंगारुओं पर दबाव नहीं बना सके। पहला सत्र समाप्त होने से पहले हेड अश्विन की गेंद पर पगबाधा होने से बच गये क्योंकि अंपायर का फैसला उनके हित में गया। हेड ने इस जीवनदान का पूरा लाभ उठाते हुए लाबुशेन के साथ लंच के बाद शतकीय साझेदारी कर डाली।

हेड भारतीय सरजमीन पर अपने पहले टेस्ट शतक की ओर बढ़ रहे थे, जब अक्षर पटेल ने उन्हें 90 रन के स्कोर पर बोल्ड कर दिया। यह टेस्ट क्रिकेट में अक्षर पटेल का 50वां विकेट था। वह सबसे कम गेंदों में यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं।

हेड का विकेट गिरने के बाद भारत को स्टीव स्मिथ के विश्व-स्तरीय डिफेंस का सामना करना पड़ा। दूसरा सत्र समाप्त होने से पहले अश्विन की गेंद स्मिथ के बल्ले को छूती हुई निकली लेकिन विकेटकीपर श्रीकर भरत उसे लपकने में नाकाम रहे। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दूसरे सत्र के समापन तक क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को दो विकेट से मात दे दी थी, जिसके कारण रोहित की टीम डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंच गयी। स्मिथ (59 गेंद, 10 रन) और लाबुशेन ने आपस में 19 ओवर तक बल्लेबाजी की, जिसके बाद दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाकर मैच को समाप्त किया।

विराट कोहली को उनकी 186 रन की शानदार पारी के लिये प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। अश्विन (25 विकेट, 86 रन) और रवींद्र जडेजा (22 विकेट, 135 रन) अपने चौतरफा प्रदर्शन के कारण प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार के संयुक्त विजेता रहे। इस ड्रॉ के साथ भारत ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। यह भारत की ऑस्ट्रेलिया पर लगातार चौथी टेस्ट सीरीज जीत है। कुल मिलाकर, भारत ने 16 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखलाओं में से 10 जीती हैं। यह अपने घर में भारत की लगातार 16वीं टेस्ट सीरीज जीत भी है।

### भारत ने विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में जगह बनायी

अहमदाबाद, 13 मार्च। भारतीय टीम ने एक बार फिर नया इतिहास रचते हुए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। यह लगातार दूसरा मौका है जब टीम इंडिया ने यह मुकाम हासिल किया है। क्राइस्टचर्च में खेले गए पहले टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को दो विकेट से हरा दिया है, जिसके बाद टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच गया है। इसके साथ ही भारत ने 07 जून, 2023 से द ओवल में शुरू होने जा रहे विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में भारत ने खराब शुरुआत की। जिससे उसकी डब्ल्यूटीसी में न पहुंचने की संभावना 57 प्रतिशत तक पहुंच गया, लेकिन अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में खराब ओवर गति के लिए कोई पेनल्टी अंक नहीं है। डब्ल्यूटीसी की प्वाइंट्स टेबल पर एक नजर डालें तो ऑस्ट्रेलिया के 148 अंक हैं और उसका जीत प्रतिशत 68.52 है। अंक तालिका के हिसाब से भारत इस वक्त दूसरे नंबर पर चल रहा है। भारत के पास 123 अंक हैं और उसका जीत प्रतिशत 60.29 है। तीसरे नंबर पर श्रीलंका की टीम है, जिसके पास 64 अंक हैं और उसका जीत प्रतिशत 48.48 का है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला की शुरुआती तीन मैचों में भारत की 2-1 से बढ़त रोहित शर्मा की टीम के लिए डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त साबित हुआ।

# ऐसी जगह नहीं हूं कि क्रीज पर उतरकर किसी को गलत सबित करूं : विराट कोहली



## मैं अब उस जगह पर नहीं हूं जहां मैं मैदान पर उतरूं और किसी को गलत साबित करूं। मुझे इसे भी सही ठहराने की जरूरत है कि मैं मैदान पर क्यों हूं

अहमदाबाद, 13 मार्च। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां 186 रन की धैर्यपूर्ण पारी के साथ टेस्ट क्रिकेट में शतक के सूखे को खत्म करने वाले भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने सोमवार को कहा कि वह उस जगह पर नहीं है कि मैदान पर जाकर किसी को गलत साबित करें।

कोहली को अपने 28वें टेस्ट शतक के लिए तीन साल से अधिक समय का इंतजार करना पड़ा। यहां चौथे और अंतिम टेस्ट की पहली पारी में उनके शतक की मदद से भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 480 रन के जवाब में 571 रन का स्कोर खड़ा किया।

मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने जाने के बाद कोहली ने कहा, "एक खिलाड़ी के रूप में मेरी स्वयं से जो अपेक्षाएं हैं वे मेरे लिए अधिक महत्वपूर्ण हैं।'' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 75 शतक जड़ चुके कोहली ने कहा, "मैं अब उस जगह पर नहीं हूं जहां मैं मैदान पर उतरूं और किसी को गलत साबित करूं। मुझे इसे भी सही ठहराने की जरूरत है कि मैं मैदान पर क्यों हूं।''

उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में मैं पिछले कुछ समय में उस लय के साथ नहीं खेल पा रहा था जिसके साथ मैं पिछले 10 वर्षों से खेल रहा हूं। इसलिए मैं यही एक चीज करने की कोशिश कर रहा था। मुझे लगा जैसे कि मैं नागपुर में पहली पारी से काफी अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं।''

कोहली ने स्वीकार किया कि वह टेस्ट प्रारूप में स्वयं को दोहरा नहीं पा रहे थे इसलिए उन्हें अधिक मेहनत करनी पड़ी। कोहली ने 186 की अपनी पारी में 364 गेंद का सामना किया और बाउंड्री से केवल 60 रन बनाए।

यह एक सोची समझी रणनीति थी क्योंकि श्रेयस अय्यर के पीठ की चोट के कारण बाहर होने के बाद भारत के पास एक बल्लेबाज कम था। कोहली ने कहा, "हमने श्रेयस को चोट के कारण खो दिया और एक बल्लेबाज कम था इसलिए हमने अधिक समय लेने का फैसला किया। हमारी नजरें लंबे समय तक बल्लेबाजी करने पर टिकी थी।''

उन्होंने कहा, "हम टीम के लिए जितना संभव हो उतने लंबे समय तक बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करते हैं। मैंने कुछ समय के लिए ऐसा किया लेकिन उस क्षमता के साथ नहीं जैसे मैं अतीत में करता रहा हूं।''

कोहली ने कहा, "उस नजरिए से मैं निराश था लेकिन विश्वास था कि मैं अच्छा खेल रहा हूं और अगर मुझे एक अच्छे विकेट पर मौका मिला तो मैं एक बड़ा स्कोर बना सकता हूं।'' रूक आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी बने, गार्डनर सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी

# राज्यपाल कलराज मिश्र ने 527 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की

- कृषि विश्वविद्यालय का षष्ठम दीक्षांत समारोह आयोजित
- समारोह में 20 विद्यार्थियों को 23 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए



कोटा में दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल के द्वारा उपाधियां प्रदान की गई।

**कोटा,** (निसं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय किसानों के लिए हितकर योजनाओं को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने के साथ आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के प्रसार केन्द्र के रूप में भी अपनी प्रभावी भूमिका निभाएं।

उन्होंने दीक्षार्थियों को आव्हान किया कि कृषि से जुड़ी बहुआयामी शिक्षा का अधिकाधिक उपयोग मानवता के कल्याण के लिए करते हुए किसानों को फसल विविधिकरण एवं जैविक खेती की ओर प्रेरित करें। राज्यपाल सोमवार को यूआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित कृषि विश्वविद्यालय के षष्ठम दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित जनसमुह को सम्बोधित कर रहे थे। समारोह में 527 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई, 20 विद्यार्थियों को 23 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

उन्होंने कहा कि दीक्षान्त शिक्षा का नए रूप में आरम्भ है। विद्यार्थी विश्वविद्यालय में अर्जित ज्ञान को जीवन व्यवहार में उपयोग में लेकर जमीन व पानी की कमी, जलवायु परिवर्तन एवं कृषि लागत में बढ़ोतरी जैसी कृषि चुनौतियों को दूर करने में काम लें। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर कृषि प्रबंधन में दक्ष एवं योग्य युवा तैयार करें। जिससे विद्यार्थी भविष्य में कृषि से जुड़े उद्यम तैयार कर लोगों को रोजगार देने का कार्य कर सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय कृषि से जुड़े क्षेत्र में सतत अनुसंधान विकास कर रोजगारोन्मुखी दक्षता बढ़ाने के लिए भी कार्य करे जिससे युवाओं का कृषि की ओर रूझान बढ़ सकें।

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि पोषण की समस्याओं से निजात पाने के लिए भारतीय पहल पर आज पूरी दुनिया मोटे अनाज की तरफ वापस लौट रही है। ये फसलें वर्तमान कृषि चुनौतियों जैसे कम उपजाऊ जमीन, कम पानी, पोषण सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन को सहने में भी कारगर साबित हुई हैं। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय इस ओर विशेष रूचि लेकर कार्य कर ऐसे प्रयास करें कि मोटे अनाज से जुड़े उत्पादन के प्रसंस्करण और विपणन के लिए भी नवीनतम दिशा देश को मिल सकें। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा किये जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए अधिकाधिक लोगों तह पहुंचाने का आव्हान किया।

राज्यपाल ने कृषि शिक्षा में छात्राओं की बढ़ती संख्या पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि दीक्षान्त समारोह में 527 उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में से कुल 23 स्वर्ण पदक प्रदान किये गये हैं, जिनमें से 13 स्वर्ण पदक छात्राओं ने प्राप्त किये हैं, यह बहुत सुखद पहलू है। छात्राओं को यदि अवसर मिलते हैं तो वे उन्नति के शिखर छू सकती हैं। उन्होंने कहा कि छात्राओं को आगे बढ़ने के अधिक से अधिक अवसर कैसे मिले, इस पर सभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है।

राज्यपाल मिश्र ने विश्वविद्यालय द्वारा क्रियाशील अनुसंधान परियोजनाओं के अंतर्गत चना व उड़द फसलों की 2 नई उन्नत किस्मों का लोकार्पण किया। समारोह में उन्होंने विश्वविद्यालय की नवनिर्मित ट्राईकोडर्मा प्रयोगशाला का लोकार्पण एवं शिक्षा प्रसार के लिए दो पुस्तिकाओं का लोकार्पण किया। दीक्षांत समारोह के अतिथि भारतीय अनुसंधान कृषि परिषद नई दिल्ली के महानिदेशक एवं पूर्व कुलपति महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय उदयपुर डॉ. एसएल मेहता ने कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों का लाभ अंतिम छोर पर बैठे किसान तक पहुंचाने का आव्हान किया।

उन्होंने मोटे अनाज की महत्ता एवं जैविक खेती की आवश्यकता के बारे में भी विचार रखे। कुलपति डॉ. अभय कुमार व्यास ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कुलसचिव एनके जैन ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ओपी बुनकर, पुलिस अधीक्षक शहर शरद चौधरी, कुलपति वर्धमान विश्वविद्यालय डॉ. कैलाश सोडानी, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय प्रो. एसके सिंह, कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ‘पुराने राशन कार्ड में बच्चों और नवविवाहित जोड़ों का भी नाम जोड़ा जाए’



कोटा अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

- अति.जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया

**कोटा,** (निसं)। खाद्य सामग्री पोर्टल निरंतर खुला रहना चाहिए, पुराने राशन कार्ड में बच्चों और नवविवाहित जोड़ों का भी नाम जोड़ा जाना चाहिए। इन मांगों को लेकर भारतीय किसान मजदूर यूनिट सिंघानिया के प्रदेश अध्यक्ष नईम अली, प्रदेश सचिव रियाना अंसारी, कलीम अंसारी भारतीय पत्रकार महासभा प्रदेश सचिव के नेतृत्व में कोटा एसडीएम बृजमोहन बैरवा को जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

नईम अली ने बताा कि खाद्य सामग्री के लिए पोर्टल खोला जाए, जिसमें राशन कार्ड धारकों ने आवेदन किए हुए हैं। आवेदनों को अभी तक स्वीकृत नहीं किया गया। इस कारण लाखों परिवार खाद्य सामग्री लेने से वंचित बैठे हैं। खाद्य सामग्री में बाध्यता को खत्म किया जाए क्योंकि हर मजदूर का कोई ठेकेदार नहीं होता है। इस कारण उनकी मजदूर डायरी नहीं बन पाती और खाद्य सामग्री इसलिए सभी मजदूर जैसे फर्नीचर वाला, ठेला मजदूर, मैकेनिक, ऑटो चालक, पेंटर इत्यादि लोगों के मजदूर कार्ड नहीं बन रहा है।

इन लोगों का कोई ठेकेदार नहीं होता तो इनकी मजदूर डायरी नहीं बन पा रही है। सभी मजदूर की श्रेणी में आने वाले लोगों को राशन कार्ड चालू किया जाए और राज्य सरकार की तरफ से कोई इस तरह की गाइड लाइन हो उनको मजदूर माना जाए और उन सबको मजदूर डायरी की तरह एक कार्ड लागू किया जाए ताकि सभी गरीबों को खाद्य सामग्री आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि घर-घर सर्वे कर राज्य सरकार एक शिविर के माध्यम से भी इन लोगों के नाम खाद्य सुरक्षा में जोड़ सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे हजारों लोग हैं जो पात्र नहीं हैं, फिर भी उन्हें राशन सामग्री का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने ऑनलाइन आवेदन कर रखें हैं उनका नाम खाद्य सामग्री के लिए जोड़ा जाना चाहिए साथ ही नए आवेदन की प्रक्रिया भी शुरू करनी चाहिए ताकी वंचितों को उनका हक मिल सके।

## सार-समाचार

### झालावाड़ थाने का निरीक्षण किया



**झालावाड़** (निसं)। जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित ने सोमवार को थाना झालावाड एवं झालरापाटन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने संबंधित थानाधिकारी से थाने में रिक्त चल रहे पदों, लम्बित् चल रहे प्रकरणों, वारण्टों की स्थिति, अपराधों की स्थिति आदि की जानकारी ली एवं समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शस्त्रागार, आर्म्स रजिस्टर, कम्प्यूटर रूम, मैस, मालखाना, बैरक, पुरूष एवं महिला हवालात सहित झालरापाटन थाने में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान झालरापाटन थाने के थानाधिकारी महावीर सिंह एवं झालावाड़ थाने की थानाधिकारी चन्द्रज्योति शर्मा उपस्थित रहे।

### नव संवत्सर कैसे मनाएं के बारे में बताया

**बून्दी** (निसं)। बून्दी के दलेलपुरा बस्ती में बैठक आयोजित कर भारतीय नव वर्ष आयोजन के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय नव वर्ष आयोजन समिति के सदस्य अशोक जैन ने लोगों को ‘भारतीय नव वर्ष क्यों व कैसे मनाया जाए’ विषय पर जानकारी दी। जैन ने बताया कि भारतीय नववर्श चैत्र शुक्ल एकम को मनाया जाता हैं, इस दिन ब्रह्मा जी ने पृथ्वी की संरचना की थी और श्री राम का राज्याभिषेक हुआ था। नव संवत्सर के रूप में मनाए जाने वाले इस पावन दिन विक्रम संवत प्रारंभ हुआ और महर्षि गौतम ऋषि का अवतरण दिवस के साथ नवरात्र स्थापना भी होती है। बैठक में आयोजन को मनाने के लिए निर्धारित कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि घर घर पूर्व संध्या पर घी के दीपक जलायें, शंख ध्वनि के साथ रंगोली बनाई जाए और धूमधाम से नव वर्ष का स्वागत करें। पन्ना लाल गुर्जर को दलेलपुरा बस्ती का प्रमुख बनाया गया और अधिक से अधिक संख्या में वाहन रैली एवं अन्य कार्यक्रमों में भाग लेने का आव्हान किया।

### वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया

**बून्दी** (निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार सोमवार को सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बून्दी के सचिव सुनील कुमार यादव ने पीड़ित महिलाओं को ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर पर उपलब्ध चिकित्सकीय, विधिक सहायता, परामर्श, आश्रय एवं काउन्सलर सुविधा आदि बिन्दुओं पर निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। इस अवसर पर वन स्टॉप सेन्टर की केन्द्र प्रबन्धक रानू खण्डेलवाल उपस्थित रही। ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर एक ही छत के नीचे हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को एकीकृत रूप से सहायता एवं सहयोग प्रदान करने के लिए एक केन्द्र प्रायोजित योजना है। ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर द्वारा हिंसा से पीड़ित महिलाओं एवं बालिकाओं को परिवाद दर्ज करवाने, मेडिकल मुआयना करवाने, आश्रय दिलवाने, कानूनी सहायता दिलवाने व विधिक ईकाईयों में सहयोग करने जैसे कार्य किये जाते है। ''सखी'' वन स्टॉप सेन्टर 24ग7 सेवाऐं प्रदान कर रहा है।

### विदाई समारोह सम्पन्न

**बून्दी** (निसं)। सोमवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय ढोला की झोपडिया में विदाई समारोह आयेजित कर कक्षा आठवीं के बालकों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच काल पुरिया भगवान सिंह रहे तथा अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष हरि सिंह ने की। प्रधानाध्यापक कपूरचंद नागर ने कार्यक्रम के दौरान वर्षभर की गतिविधियों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इस दौरान सरपंच भगवान सिंह ने नवनिर्मित शौचालय का फीता काटकर लोकार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षण नूतन तिवारी ने किया। इस दौरान दिवाकर जोशी, मिथिलेश गुर्जर, लक्ष्मी शर्मा, संजीदा बेगम, कैलाश मीणा, कौशल्या वर्मा, मनजीत कौर, बलविंदर कौर, बीना सहित अभिभावक व ग्रामीण मौजूद रहे।

### होली मिलन समारोह आयोजित

**बूंदी** (निसं)। अभिभाषक लिपिक संघ बूंदी द्वारा सिंधकेश्वर महादेव पर होली स्नेह मिलन समारोह रखा गया। राज्य मेला प्राधिकरण के सदस्य एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव भरत शर्मा मुख्य अतिथि रहे। अभिभाषक लिपिक संघ के अध्यक्ष सत्यनारायण सैनी के नेतृत्व में सभी अभिभाषक लिपिको द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान अभिभाषक लिपिक हरिप्रसाद शर्मा शिवनंदन सिंह, राम सिंह, गणेश लाल सैनी, विष्णु शर्मा, जुगराज प्रजापत, मोहम्मद हुसैन, मुरली दाधीच, विधि सलाहकार, कपिल सैनी, धनराज प्रजापत उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम आज

**झालावाड़** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम 14 मार्च, 2023 को मिनी सचिवालय स्थित ऑडिटोरियम में दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। इस दौरान महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागीय योजनाओं की जानकारी एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह जानकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक महेश चन्द गुप्ता द्वारा दी गई।

# नवसंवत्सर को लेकर प्रचार सामग्री एवं कैलेण्डर का विमोचन किया

**कोटा,** (निसं)। भारतीय नववर्ष उत्सव आयोजन समिति की बैठक मानव विकास भवन पर शनिवार को आयोजित की गयी जिसमें नव संवत्सर 2080 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा 22 मार्च को नववर्ष पर होने वालें कार्यक्रमों लेकर विभिन्न समितियों के साथ चर्चा कर प्रचार प्रसार सामग्री एवं कैलण्डर का विमोचन किया।

सेवा भारती हिंदू परिवारों के माध्यम से लगभग 2 लाख मीटर कपड़ा खरीद कर भगवानध्वज बनाए जा रहे हैं और घर-घर पर वितरित किए जाएंगे यह जानकारी प्रचार विभाग के अनिल तिवारी ने दी।

भारतीय नववर्ष उत्सव आयोजन समिति अध्यक्ष गोविन्द नारायण अग्रवाल ने बताया कि उत्सव को लेकर कोटा महानगर को 12 भागों में बांटकर जिम्मेदारियां बांटी गयी। नवसंवत्सर पर प्रत्येक घर पर ध्वज पताकाऐं कार्यकर्ताओं द्वारा वितरित की जायेगी। प्रचार प्रसार हेतु डेढ़ लाख स्टीकर पत्रक पम्पलेट घर घर पर वितरित किये जायेंगे।

नवसंवत्सर की पूर्व संध्या पर 21 मार्च को दोपहिया वाहन रैली का आयोजन किया जायेगा। वाहन रैली शहर के विभिन्न दस स्थानों से प्रारम्भ होगी जो कि छावनी चौराहे पर सभी रैलियां एकत्रित होकर मुख्य रैली में परिवर्तित होकर कोटरी चौराहा, गुमानुपरा, गीता भवन होते हुये बारहद्वारी पर सम्पन्न होगी। नवसंवत्सर की संध्या पर बारहद्वारी पर भव्य मेले का आयोजन किया जायेगा जिसमें नवसंवत्सर से सम्बन्धित प्रदर्शनियां, रंगोली, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न व्यंजनों की स्टॉल लगायी जावेगी।

# हिण्डोली-नैनवां शिक्षा के मॉडल रूप में पहचाना जाएगा : चांदना



राज्य मंत्री अशोक चांदना ने विकास कार्यों के कैलेंडर विमोचन कार्यक्रम को संबोधित किया।

**बूंदी** (निसं)। युवा मामले, खेल तथा सूचना एवं जनसंपर्क राज्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में हिण्डोली-नैनवां शिक्षा के मॉडल के रूप में पहचाना जाएगा।

चांदना सोमवार को हिण्डोली के पालबाग और बसोली में हिण्डोली-नैनवां क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के केलेण्डरी विमोचन कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने की दिशा में कार्य करते हुए कॉलेज की स्थापना की जा रही है। इससे क्षेत्र के निर्धन परिवारों के बच्चों का उच्च शिक्षा का सपना साकार होगा। उन्हें उच्च शिक्षा के लिए दूर नहीं जाना पडेगा। वर्तमान में हर वर्ग को आरक्षण की सुविधा है, और इसका लाभ शिक्षा के माध्यम से ही उठाया जा सकता है।

राज्यमंत्री ने कहा कि हिण्डोली-नैनवां क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में कोई कमी नहीं रखी गई है। पेयजल, सिंचाई, बिजली, चिकित्सा,शिक्षा, सड़क, कृषि सहित हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए गए हैं। क्षेत्र में सड़कों का व्यापक विकास करवाया गया है, इससे आमजन को आवागमन की बेहतर सुविधा मिल रही है। उन्होंने कहा कि 61 करोड़ की लागत से हो रहे सडक निर्माण से चेंता पंचायत को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा है।

हिण्डोली-नैनवां क्षेत्र के लिए कई घोषणाएं की गई है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पेयजल, सिंचाई, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, सड़क सहित ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं है, जिसमें विकास कार्य नहीं हुआ हो। चांदना ने कहा कि क्षेत्र में मिनी बांधों और एनीकटों का निर्माण करवाकर किसानों को सिंचाई और पेयजल की सुविधा मुहैया करवाई जा रही है। क्षेत्र में पेयजल, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, बिजली सहित हर क्षेत्र में हुए चहुमुखी विकास से आमजन का जीवन आसान हो रहा है। चम्बल पेयजल परियोजना के जरिए पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान हो गया है। वर्तमान में तीन स्टेडियम बनाए जा रहे हैं।

क्षेत्र में 600 करोड़ की सड़के बन रही है। हिण्डोली को नगर पालिका बनाया गया है। सड़क निर्माण का लोगों को फायदा मिल रहा है।इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण बैरवा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष महेश सोमाणी, सजला बना नेगढ़, सीआर बलराम मीणा, दुर्गालाल बैरवा, चेता सरपंच भोलाशंकर गुर्जर आदि मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महोत्सव-2023 का शुभारंभ

**बूंदी** (निसं)। विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग की ओर से सोमवार को राजकीय महाविद्यालय बूंदी में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महोत्सव 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने शिरकत की।कार्यक्रम में छात्रों को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर ने सिविल सेवा में चयन के लिए उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने के लिए जिला प्रशासन की ओर से मिशन मानस अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान विद्यार्थियों को तनावमुक्त सफलता हासिल करने में मददगार साबित होगा। इस दौरान छात्रों द्वारा केरियर संबंधी जिज्ञासाओं के उत्तर दिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की ओर से विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही है, जिनका अधिकाधिक लाभ उठाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने ग्लोबल साइंस से स्थानीय समस्याओं के निदान को लेकर अपने विचार रखे।जिला कलक्टर ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मोबाइल का उपयोग आम हो चला है, ऐसे में सभी को चाहिए कि सप्ताह में एक दिन के लिए मोबाइल उपवास जरूर रखें।

# रिवर फ्रन्ट का म्यूजिकल फाउन्टेन बार्सिलोना मैजिक फाउन्टेन को चुनौती देगा

- ‘चंबल रिवर रिवर फ्रंट के फाउन्टेन दुनिया भर के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे’



कोटा चंबल के रिवर फ्रंट पर मोहक फाउन्टेन खूबसूरती बेखेरेंगे।

**कोटा,** (निसं)। कोचिंग सिटी कोटा को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में कोटा में विकसित किए जा रहे दुनिया के पहले हेरिटेज चंबल रिवर फ्रंट की सौगात देश और दुनिया के पर्यटकों को जल्द मिलने जा रही है। रिवर फ्रंट पर स्थापित किए जा रहे हैं वर्ल्ड रिकॉर्ड के साथ अन्य मॉन्यूमेंट्स स्थापत्य कला की देश और प्रदेश की सांस्कृति की झलक सहित अन्य इमारतों का कार्य अंतिम चरण में है।

वहीं पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनने वाले चंबल रिवर फ्रंट पर स्थापित किए जा रहे फाउन्टेन भी विश्व स्तरीय पहचान बनाने जा रहे हैं। यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल ने बताया कि चंबल रिवर फ्रंट कोटा को पर्यटन के क्षेत्र में विश्व स्तरीय पहचान दिलाने वाला प्रोजेक्ट साबित होगा हाल ही में राज्यपाल द्वारा प्रोजेक्ट साइट की विजिट के बाद उन्होंने जो सराहना की उससे मेरा और प्रोजेक्ट से जुड़े सभी लोगों का उत्साहवर्धन हुआ है। रिवर फ्रंट पर कुल 26 फाउन्टेन विकसित किए जा रहे हैं जो देश और दुनिया के पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेंगे स्पेन के बार्सिलोना के मैजिक फाउन्टेन की तर्ज पर कोटा में बैराज गार्डन पर विकसित किया गया म्यूजिकल फाउन्टेन जब अपनी सुंदरता, भव्यता को प्रदर्शित करेगा तो दुनिया भर में इस म्यूजिकल फाउन्टेन का जिक्र किया जाएगा पर्यटक कोटा आने के लिए आतुर रहेंगे।

चंबल रिवर फ्रंट पर विकसित किए जा रहे हैं विश्व स्तरीय फाउन्टेन का कार्य अंतिम चरण में है। न्यास सचिव राजेश जोशी ने बताया कि नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के निर्देशन में चंबल रिवर फ्रंट प्रोजेक्ट अब जल्द पूर्ण होने जा रहा है यहां कई विश्व कीर्तिमान तो स्थापित हो ही रहे हैं यहां पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनने वाले फॉर्मटेन भी विश्व रिकॉर्ड होगा। चंबल रिवर फ्रंट पर लगभग 26 फाउंटेन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है जिसमें ऐतिहासिक बावड़ी का फाउन्टेन टेस्टिंग हो चुकी है।

बैराज गार्डन के फाउन्टेन को स्पेन देश के बार्सिलोना मैजिक फाउन्टेन की तर्ज पर बनाया गया है जिसमें लगभग 154 पंप है जो की 751 इंच के है साथ ही लगभग 9 तरह के इफेक्टस फाउन्टेन की क्षमता और उसके आकर्षण को बयां करेंगे इसके पास में ही चंबल माता की मूर्ति बनी हुई है जिसमें से लगभग आधा मीटर डाया का पाइप है उस पाइप के ऊपर एक घड़ा इंस्टॉल किया जाएगा जिसमें से पानी का प्रभाव होगा चंबल माता की विशाल प्रतिमा में 310 एचपी की क्षमता के 5 पम्प लगाए जाएंगे इसके साथ ही रिवरफ्रंट की पूर्व साइट पर लगून फाउन्टेन है जिसमें 370 एचपी के 17 पम्प एवं विभिन्न विभिन्न तरह की लाइट्स लगाई जा रही हैं जिसका कार्य भी अंतिम चरण में है।

## सार-समाचार

### कोटा मंडल ने 1398.38 करोड़ रूपये राजस्व अर्जित किया

**कोटा,** (निसं)। मण्डल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक के नेतृत्व में वाणिज्य विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अधिकारियों व पर्यवेक्षक कर्मचारियों द्वारा आपसी समन्वय से कार्य करने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2022-23 के अप्रैल से फरवरी, 2023 तक में मण्डल को कुल रुपये 1398.38 का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व रुपये 1090.84 करोड़ से 28.19 प्रतिशत प्रतिशत अधिक है जबकि कोटा मंडल में केवल फरवरी माह में 115.02 करोड़ रूपये की आमदनी हुई है। अबतक इस वित्तीय वर्ष के आय में 220.41 लाख बुक किये गए यात्रियों से रुपये 452.77 करोड़, अन्य कोचिंग से रुपये 33.27 करोड़, माल परिवहन से रुपये 861.31 करोड़, विविध आय रुपये 51.02 करोड़ शामिल है। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने कहा कि हम टीम भावना से कार्य करते हुए रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं और आने वाले दिनों में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि कोटा मण्डल रेल प्रशासन अपने रेल उपभोक्ताओं को शिकायत रहित सेवा प्रदान करने के प्रति कृत संकल्प है, साथ ही रेल राजस्व बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील हैं।

### डॉ. भूपेंद्र कुमार द्वारा सम्पादित पुस्तक दिल्ली से प्रकाशित

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती संस्कृत अकादमी के निदेशक डॉ. भूपेन्द्र कुमार द्वारा लिखी गई संस्कृत व्याकरण शिक्षण पुस्तक शिवालिक प्रकाशन नई दिल्ली से प्रकाशित हुई हैं। यह पुस्तक नेट, सेट-संस्कृत, उत्तर प्रदेश टीजीटी- पीजीटी संस्कृत, राजस्थान लोकसेवा आयोग, अजमेर द्वारा प्रायोजित प्रथम, द्वितीय श्रेणी संस्कृत अध्यापक तथा अन्य संस्कृत परीक्षाओं के लिए लाभदायक है। 'मुखं व्याकरणं स्मृतं' वेद के छह अंगों में व्याकरण की प्रधानता स्वतः सिद्ध है। संस्कृत व्याकरण एक ऐसा शास्त्र जिसके माध्यम से उस भाषा के प्रत्येक पद में निहित शब्दरूप, धातुरूप, सन्धि, समास, प्रत्यय, कारक, उपसर्ग आदि को बतलाते हुए उसके वास्तविक स्वरूप एवं इसके अर्थ को इस प्रकार स्पष्ट रूप से समझाया जाए कि उसके सम्यक् प्रयोग एवं व्यवहार की पहचान हो सके। प्रस्तुत संस्कृत व्याकरण शिक्षण (प्रश्नोंत्तर सहित) पुस्तक पन्द्रह अध्यायों में लिखी गयी है। इसके अन्तर्गत वर्णविचार एवं संज्ञा, सन्धि, कारक, अव्यय, उपसर्ग, वाच्यपरिवर्तन, विषेशण, शब्दरूप, धातुरूप, प्रत्यय, समास, अशुद्धिसंशोधन, संस्कृतानुवाद, छन्द तथा अलंकारों का विस्तृत वर्णन किया है। पुस्तक के प्रत्येक अध्याय के अन्त में सम्बन्धित परीक्षा उपयोगी प्रश्नों का संकलन किया है, जो विद्यार्थियों के लिए अत्यन्त उपादेय है।

### ढाई कड़ी रामलीला की बैठक संपन्न

**मांगरोल** (निसं)। भारतीय नववर्ष 22 मार्च से होने वाली ऐतिहासिक ढाई कड़ी श्री रामलीला मंचन को लेकर रविवार शाम को कुंज भवन पर बैठक संपन्न हुई बैठक में आयोजन समिति का गठन किया गया अध्यक्ष पद पर हिमांशु मुकाती, उपाध्यक्ष श्याम राजावत, भरत चौरसिया ,कुलदीप जाजू ,मंत्री शंभू पालीवाल, संगठन मंत्री अशोक सोनी, अशोक गुप्ता ,मुख्य संयोजक नंदन सोनी,जमनालाल धाभाई मधुसूदन गालव कोषाध्यक्ष पवन लक्षकार सम्मानित सदस्य हेमराज निडर व श्री राम बरात संयोजक डी.के चौरसिया, सहित कई कार्यकर्ता कार्यकर्ता बैठक में मौजूद रहे।



*ऑस्कर अवॉर्ड समारोह भारत के लिए दोहरी खुशी साबित हुआ। नाटू नाटू के अलावा शॉर्ट फिल्म ''द एलिफैंट विस्परर्स'' को बैस्ट डॉक्युमैंटरी शॉर्ट फिल्म का ऑस्कर अवॉर्ड दिया गया। पिच्चानवे ऑस्कर अवॉर्ड समारोह पर, सोमवार अल सुबह से ही सबकी निगाहें थीं। उस समय हर भारतीय खुशी से झूम उठा जब भारतीय फिल्म ''द एलिफैंट विस्परर्स'' के नाम की घोषणा बैस्ट डॉक्युमैटरी शॉर्ट फिल्म के लिए हुई। इस फिल्म को कार्तिकी गोंज़ाल्विस ने डायरैक्ट किया है। ''द एलिफैंट विस्परर्स'' 8 दिसम्बर 2022 को रिलीज़ हुई थी। 39 मिनट की यह इंडियन अमेरिकन शॉर्ट डॉक्युमैंटरी एक दम्पति और हाथी के दो बच्चों की कहानी है। यह कहानी तमिलनाडु के मुदुमलाई टाइगर रिज़र्व की है, जहां यह दम्पति हाथी के दो अनाथ बच्चों को गोद लेता है और उनकी देखभाल करता है। फिल्म के निर्माता गुनीत मोंगा और अचिन जैन हैं।*

# इस साल 10 लाख भारतीयों को वीज़ा देगा अमेरिका

## अमेरिकी दूतावास ने कहा कि, हम पहले ही इस साल 2 लाख भारतीयों का वीज़ा प्रोसैस कर चुके हैं

वॉशिंगटन, 13 मार्च। अमेरिका की तरफ भारतीयों के लिए गुड न्यूज है। पिछले महीने अमेरिका ने भारतीयों के लिए वीजा स्लॉट खोले थे। अब एक और बार अमेरिका ने भारतीयों को एक और बड़ी सौगात दी है। अमेरिका ने ऐलान किया है कि वह 10 लाख भारतीय नागरिकों को इस साल वीजा जारी करेगा।

- **अमेरिकी दूतावास के अनुसार, साल 2022 में यू.एस. स्टेट डिपार्टमेंट ने पूरी दुनिया से करीब 90 लाख अप्रवासी वीजा प्रोसैस किए थे। इन वीजा में बिजनेस, ट्रैवल, स्टूडेंट और क्रू वीजा शामिल हैं।**
- **अपने टारगेट को पूरा करने के लिए अमेरिकी दूतावास में स्टाफ बढ़ाया जा रहा है।**

अमेरिकी दूतावास के एक प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिकी मिशन ने पहले ही भारत में हमारे दूतावास और वाणिज्य दूतावासों में दो लाख से अधिक आवेदनों को प्रोसेस किया गया है। हम 2023 में 10 लाख से अधिक गैर-अप्रवासी वीजा आवेदनों को प्रोसेस करने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ट्रैक पर हैं।

अमेरिकी दूतावास के प्रवक्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य दस लाख वीजा आवेदनों को प्रोसेस करना है, जिसमें सभी श्रेणियों के गैर-अप्रवासी वीजा शामिल हैं। अमेरिकी दूतावास के अनुसार, साल 2022 में यू.एस. स्टेट डिपार्टमेंट ने पूरी दुनिया से करीब 90 लाख अप्रवासी वीजा प्रोसेस किए थे। इन वीजा में बिजनेस, ट्रेवल, स्टूडेंट और क्रू वीजा शामिल हैं।

अपने टारगेट को पूरा करने के लिए अमेरिकी दूतावास में स्टाफ बढ़ाया जा रहा है। इसके अलावा ड्रॉप-बॉक्स सुविधाओं के दायरे का विस्तार किया जा रहा है और भारतीय नागरिकों के लिए प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए वीकएंड में इंटरव्यू स्लॉट खोलने की तैयारी भी की जा रही है। वीजा के लिए वेटिंग टाइम पहले ही काफी कमी आई है।

जनवरी में अमेरिकी दूतावास ने शनिवार को इंटरव्यू स्लॉट देने की शुरुआत की थी। इसका मकसद करोना महामारी की वजह से वीजा के बैकलॉक को क्लियर करना था। एक बयान में अमरिकी मिशन ने बताया कि उसने भारत में मौजूद अपने दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता और हैदराबाद के ऑफिसों में स्टॉफ की संख्या बढ़ाई है।

# मंत्री धारीवाल बोले, शहीद लाम्बा की पत्नी देवर के नाते गई, अब नौकरी मांग रही, तमाशा है क्या?

## उन्होंने कहा, सांसद किरोड़ी लाल का कृत्य आतंकी से कम नहीं होता, सरकार कैसे बर्दाश्त करेगी

**-विधानसभा संवाददाता-**

जयपुर, 13 मार्च । विधानसभा में संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने पुलवामा हमले में शहीद हुए रोहिताश लाम्बा की वीरांगना के देवर के नाते जाने का दावा किया। इतना ही नहीं राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा के कृत्य को भी आतंकी जैसा बता दिया। धारीवाल की इन दोनों टिप्पणियों के चलते सदन में जमकर हंगामा मचा। उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ समेत तमाम भाजपा विधायकों ने इस पर नाराजगी जताते हुए तकरीबन 70 मिनट तक वैल में नारेबाज़ी की। राठौड़ ने कहा, वीरांगना का चरित्र-हनन बर्दाश्त नहीं करेंगे, मंत्री में शर्म है कि नहीं? वीरांगना के नाते जाने का सबूत दें, नहीं तो मंत्री अपना इस्तीफा सौंपे। सांसद को आतंकी कह रहे हैं, यह बर्दाश्त नहीं होगा।

सदन में हंगामा बढ़ता देखकर स्पीकर डॉ. सी.पी.जोशी ने शहीदों के मुद्दे पर हो रही चर्चा खत्म करवा दी, बाद में धारीवाल के शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटवाकर मामला शांत कराया।

दरअसल सोमवार को शून्यकाल में आधा दर्जन विधायकों ने बीते 10 दिनों से राजधानी जयपुर में धरने पर बैठी वीरांगनाओं का मुद्दा उठाया था। जिस पर स्पीकर डॉ. सी.पी.जोशी ने दोपहर 2 बजे अलग से चर्चा करवाने और सरकार की तरफ से जवाब दिलाने की व्यवस्था दी।

संसदीय कार्यमंत्री शांति धारीवाल ने सरकार की ओर से जवाब देते हुए सदन में कहा कि, ''शहीद रोहिताश लांबा की पत्नी का देवर तो पहले से शादीशुदा था। उसके दो बच्चे हैं। फिर लाम्बा की पत्नी देवर के नाते चली गई। अब नाते जाकर कहती है कि मेरे देवर को नौकरी दो। भाई वाह, तमाशा है क्या? कहीं ऐसा हुआ है कि नियमों के खिलाफ किसी को नौकरी मिल गई हो। नियम के तहत जिसे नौकरी मिलनी होगी, उसे मिलेगी। जो शहीद हुए, उसके दोनों बच्चे मौजूद है। नौकरी पर हक उनका है। इस मामले में राजनीतिक रोटियां सेंकने से काम नहीं चलेगा।

इसके बाद धारीवाल ने सांसद किरोड़ीलाल के कृत्य को आतंकी करार दिया। उन्होंने कहा राजनीति में रुचि लेने वाला हर व्यक्ति जानता है कि किरोड़ीलाल जिस प्रकार का कृत्य करते हैं। वह किसी आतंकी से कम नहीं होता। किरोड़ीलाल जैसा सांसद नियम जानते हुए भी नियम के खिलाफ जाकर आंदोलन करे, शांति भंग करने की कोशिश करें। कैसे बर्दाश्त करेंगे। कानून की पालना करने वाली सरकार यह कभी बर्दाश्त नहीं कर सकती।

- **विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री की इस दोनों टिप्पणियों पर जमकर हंगामा मचा, भाजपा विधायकों ने 70 मिनट तक वैल में आकर नारेबाजी की।**
- **उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने नाराजगी जताते हुए कहा, ''सदन में वीरांगना का चरित्र-हनन बर्दाश्त नहीं करेंगे, मंत्री में शर्म है कि नहीं? या तो वीरांगना के नाते जाने का सबूत मंत्री दें, नहीं तो इस्तीफा सौंपें।''**
- **स्पीकर डॉ. सी.पी. जोशी ने हंगामा बढ़ता देखकर सदन में शहीदों के मुद्दे पर हो रही चर्चा खत्म करवा दी, बाद में धारीवाल के शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटवाकर शांत कराया।**

धारीवाल के कमेंट पर उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि एक वीरांगना के लिए यह बात कह देना कि नाते चली गई। बहुत गलत है। आप मेरा इस्तीफा रख लीजिए। मंत्रीजी, क्या आप में थोड़ी भी शर्म नहीं है? एक वीरांगना का चरित्र हनन करेंगे। उस पर कीचड़ उछालेंगे, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आपके पास क्या सबूत है कि नाते चली गई? हम वीरांगना का चरित्र हनन बर्दाश्त नहीं करेंगे और आप एक सांसद को आतंकी कह रहे हैं।

भाजपा विधायक मदन दिलावर ने कहा कि वीरांगनाओं को अस्पताल ले जाने की बात कहकर धरने से उठाया। फिर गांवों में ले गए। वीरांगना मंजू जाट से इतनी मारपीट की गई कि वह बोल नहीं पा रही थी। आप वीरांगनाओं से मारपीट करवाते हो। वादाखिलाफी करते हो। वीरांगनाओं से अत्याचार करोगे। कौन कल देश की रक्षा करने सेना में जाएगा? वीरांगनाओं से मारपीट करने वाले और वादाखिलाफी करने वाले देशद्रोही हैं। इन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए।

भाजपा विधायक रामलाल शर्मा, कालीचरण सराफ ने कहा कि पुलवामा शहीदों की वीरांगनाओं से सरकार के मंत्रियों ने वादे किए थे। वे वादे ही तो याद दिला रही थीं। मंत्री शहीदों के अंतिम संस्कार के वक्त परिजन नौकरी देने का वादा करके आए थे।

धारीवाल के कमेंट पर भाजपा विधायकों ने सदन में जमकर हंगामा किया।

उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ समेत तमाम भाजपा विधायकों ने वैल में उतरकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सदन में हंगामा बढ़ता देखकर स्पीकर डॉ. सी.पी.जोशी ने मंत्री के इस जवाब के बाद जनजाति क्षेत्रीय विकास और महिला बाल विकास की अनुदान मांगों पर बहस शुरू करवा दी। भाजपा विधायकों ने वैल में आकर नारेबाजी और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे के बीच ही करीब छह विधायक अनुदान की मांगों पर बोलते रहे।

इससे पहले धारीवाल ने सरकार की तरफ से जवाब देते हुए कहा कि वीरांगनाओं के मुद्दे पर सांसद किरोड़ीलाल पहली बार धरने पर बैठे तो उस वक्त गृह राज्य मंत्री राजेंद्र यादव से वार्ता हुई। उसमें वे मान गए और 15 दिन दे दिए। पर उस बात से पलट गए, जैसी इनकी आदत है। बाद में इन्होंने कहा कि सीएमओ के अफसर से मिलवाइए। सीएम सचिव आरती डोगरा से वार्ता करवाई गई। वे इससे संतुष्ट हो गए, धरना खत्म करने पर सहमत हो गए। लेकिन फिर पलट गए। बाद में वीरांगनाओं के साथ सचिन पायलट के आवास के बाहर धरने पर बैठ गए।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि 6 मार्च को वीरांगनाएं सचिन पायलट से मिली। पायलट ने उन्हें उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। फिर वे उनके आवास के बाहर धरने पर बैठ गईं। किरोड़ी शहीद स्मारक पर धरने पर बैठे रहे। गत 9 मार्च को किरोड़ी ने बिना अनुमति कूच किया। प्रदर्शन किया, इस पर उनके और समर्थकों के खिलाफ सोडाला थाने में मुकदमा दर्ज किया। किरोड़ीलाल के वीरांगना मंजू के गांव जाने से वहां शांति को खतरा था। उन्हें सामोद में रोका गया। वहां उनके समर्थकों ने पुलिस से बदसलूकी की। किरोड़ीलाल और समर्थकों को वरिष्ठ पुलिस अफसरों ने समझाया, लेकिन उन्होंने गाली गलौच की। इस पर पुलिस ने उन्हें हटाया।

रास्ते में बीपी (ब्लड प्रेशर) की शिकायत होने पर उन्हें गोविंदगढ़ अस्पताल ले जाया गया था। सामोद थाने में मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद भाजपा के प्रदर्शन में जयपुर में पुलिस की तीन गाड़ियां तोड़ी गई, इस पर अशोक नगर थाने में मुकदमा दर्ज किया है।

## वन रैंक वन पैंशन...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

अपने उस संदेश को तुरन्त वापस ले, जिसमें कहा गया था कि ओ.आर.ओ.पी. एरियर्स चार किश्तों में दिया जायेगा।

अटॉर्नी जनरल और वेंकटरामानी ने कहा कि केन्द्र पूर्व सैनिकों को ओ.आर.ओ.पी. की पहली किस्त का भुगतान कर चुका है लेकिन आगे और भुगतान करने के लिये उसे कुछ और समय चाहिये।

बैंच ने वैंकटरामानी से कहा, ''पहले ओ.आर.ओ.पी. के भुगतान से संबंधित (अपनी) 20 जनवरी की अधिसूचना को वापस लीजिये, उसके बाद ही, हम समय संबंधी आपकी अर्जी पर विचार करेंगे।''

बैंच ने कहा कि रक्षा मंत्रालय की 20 जनवरी की अधिसूचना उसके (अदालत) के निर्णय के पूरी तरह विपरीत थी।

बैंच ने अटॉर्नी जनरल से कहा कि वे एक नोट तैयार करें, जिसमें किये जाने वाले भुगतान की मात्रा, भुगतान के लिये अपनाये जाने वाले तरीको का विस्तृत विवरण दिया जाये तथा यह भी बताया जाये कि एरियर्स के भुगतान के समय एवं राशि की प्राथमिकताएं क्या होंगी।

शीर्ष अदालत एडवोकेट बालाजी श्रीनिवासन के माध्यम से इंडियन एक्स-सर्विसमैन मूवमैंट (आई.ई.एस.एम. द्वारा दायर की गई याचिका की सुनवाई कर रही है। याचिका में आई.ई.एस.एम. ने माँग की है कि रक्षा मंत्रालय की 20 जनवरी की अधिसूचना रद्द कर दी जाये। 27 फरवरी को, शीर्ष अदालत ने सशस्त्र सेनाओं के पात्र पेंशनरों को ओ.आर.ओ.पी. एरियर्स के भुगतान में विलम्ब को लेकर रक्षा मंत्रालय की खिंचाई की थी तथा संबंधित सचिव से ऐसी अधिसूचना जारी करने का स्पष्टीकरण माँगा था, जिस अधिसूचना में अदालत द्वारा तय की गई भुगतान की टाइमलाइन को बढ़ा दिया गया था। 9 जनवरी को शीर्ष अदालत ने ओ.आर.ओ.पी. के कुल एरियर्स के भुगतान के लिये केन्द्र को 19 मार्च तक का समय दिया था।

लेकिन 20 जनवरी को रक्षा मंत्रालय ने ऐसी अधिसूचना जारी कर दी थी कि एरियर्स चार वार्षिक किश्तों में दिये जायेंगे।

## बी.बी.सी...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

उन्होंने कहा कि ''बी.बी.सी. के लिए निष्पक्षता महत्वपूर्ण है। जब लोगों को विभिन्न सोशल मीडिया प्रोफाइल्स एवं ऑडिएन्सेस के साथ विभिन्न कॉन्ट्रैक्ट्स व ऑन एयर पोज़ीशन्स दी जाती हैं तब बिगड़ी स्थिति को पटरी पर लाने के लिए संतुलन स्थापित करना कठिन होता है।''

उन्होंने आगे कहा कि लिनेकर जैसे फ्रीलांसर्स सहित सोशल मीडिया गायडैन्स को कैसे संचालित किया जा सकता है, उस पर एक स्वतंत्र रिव्यू किया जाएगा।

## अलवर में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

प्रोजैक्ट की फंडिंग भी शामिल है, संबंधित एयरपोर्ट डैवलपर और संबंधित राज्य सरकारों की होगी बशर्ते एक राज्य सरकार ने प्रोजैक्ट प्रस्तावित किया हो। जनरल सिंह ने कहा कि देश भर में 21 ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट बनाए जाने हैं। इनमें से 11 पहले से काम कर रहे हैं। ये है- शिर्डी, कन्नूर, पकयोंग, कलबुर्गी, ओरवकाल (कुर्नूल) सिंहदुर्ग, कुशीनगर, इटा नगर, मोपा, शिवा मोगा।

## सिलिकॉन वैली बैंक ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

विफल होने से एक विषम चक्र चलने की आशंकाएं पैदा कर दी हैं। तथापि यह विफल बैंकों के एक गंभीर पतन के बजाए वर्ष 2008 के ग्लोबल फायनैंशियल संकट की याद अधिक ताजा करता है। वर्तमान के बैंक वर्ष 2008 के बैंकों की तुलना में कहीं अधिक कैपिटलाइज्ड और मैनेज्ड हैं तथा रैग्यूलेटर्स ने आश्वस्त किया कि किसी प्रकार के चेन रिएक्शन की आशंका नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार भारतीय परिप्रेक्ष्य में अमेरिकी बैंकों की विफलता के प्रति निराशाजन प्रतिक्रिया की जरूरत नहीं है।

यद्यपि सभी विशेषज्ञ इस बात पर सहमत थे कि एस.वी.बी. की विफलता का भारतीय बैंकिंग सैक्टर पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं पड़ेगा, फिर भी इनकी खबर ने निवेशकों के मनोभावों पर एक मनोवैज्ञानिक असर डाला। प्राइवेट सैक्टर के कुछ बैंकों सहित बैंकों के शेयर भावों में भारी गिरावट आई।

फिर भी, भारत का बैंकिंग सैक्टर किसी बुरी स्थिति से फिलहाल थोड़ा सुरक्षित महसूत कर रहा है।

महंगाई की वर्तमान दर ट्रैंड में मामूली सुधार दर्शा रही है। यह दर 6.5 प्रतिशत से गिरकर 6.44 प्रतिशत पर आ गई है। तथापित महंगाई का वर्तमान स्तर रिज़र्व बैंक द्वारा तय सहनशक्ति के स्तर से ऊपर चल रहा है।

आर.बी.आई. ने महंगाई का लक्ष्य 4 प्रतिशत, यानि कि 2 प्रतिशत प्लस या माइनस तय किया था। उसके हिसाब से वर्तमान महंगाई दर आर.बी.आई. के टॉलरैन्स बैण्ड से अधिक है।

यद्यपि, अमेरिकी बैंकों की विफलता और आम निराशा से निर्मित संवेदनशील स्थिति को ध्यान में रखते हुए, उम्मीद है कि आर.बी.आई. महंगाई का मुकाबला करने के लिए ब्याज दर में फिलहाल और कोई वृद्धि नहीं करेगा।

ब्याज दर में की जाने वाली कोई भी वृद्धि प्रायः बैंकों के असैट पोर्टफोलियो पर विपरीत असर डालती है क्योंकि बैंकों के पास आमतौर पर बॉण्ड्स के फार्ज बैग होते हैं और जब ब्याज दरें बढ़ती हैं तब बॉण्ड्स का मूल्य प्रभावित होता है।

बैंकों की विफलता की खबरों के बाद सरकार भी सक्रिय हो रही है। एस.वी.बी. के ध्वस्त होने के बाद किसी संभावित कठिनाई को कम करने को लेकर सरकार भारतीय स्टार्ट अप्स के बारे में सोच रही है, क्योंकि बताया जाता है कि अधिकांश स्टार्ट अप्स ने अपने फण्ड्स एस.वी.बी. में रखे हुए थे।

## 'पहली बार देखा ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

क्योंकि लोकसभा और राज्यसभा- दोनों ही सदनों में सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्य इंगलैंड में लोकतंत्र को लेकर की गई राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर जबरदस्त नारेबाजी कर रहे थे।

लोकसभा में, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गत सप्ताह राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र पर की गई टिप्पणियों को लेकर उनकी आलोचना की तथा भाजपा सदस्यों द्वारा किये जा रहे राहुल-विरोध को नेतृत्व प्रदान किया। संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने राजनाथ सिंह का समर्थन करते हुये, माँग की कि राहुल गांधी अपनी टिप्पणियों के लिये माफी माँगें। दोनों सदन सुबह ही अपरान्ह 2 बजे तक के लिये स्थगित कर दिये गये, किन्तु उसके बाद, जब दोनों ही तरफ से हंगामा और शोर-शराबा जारी रहा, तो सदन पूरे दिन के लिये स्थगित कर दिये गये। पहले स्थगन से पूर्व, कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी सदस्यों में सत्ता पक्ष की नारेबाजी के जवाब में, अपनी पुरानी माँग दोहराई कि प्रधानमंत्री मोदी की सहायता से गौतम अडानी के उत्थान की जाँच जॉइन्ट पार्लियामैन्ट्री कमेटी (जे.पी.सी.) से कराई जाये। राज्यसभा में दिग्विजय सिंह ने कहा कि वे लम्बे समय से संसद में हैं लेकिन उन्होंने ऐसा कभी नहीं देखा कि सत्तारूढ़ पार्टी सदन को काम न करने दे, जैसा कि राहुल की क्षमा-याचना के लिए भाजपा सदस्यों की नारेबाजी में दिखाई दे रहा था।

# समलैंगिक विवाह के मुकदमे की कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जाएगा

## अब इस केस की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट की वृहद बैंच करेगी

नई दिल्ली, 13 फरवरी (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय की पांच सदस्यीय संविधान पीठ समलैंगिक जोड़े की शादी को मान्यता देने की मांग वाली याचिकाओं पर 18 अप्रैल से सुनवाई शुरू करेगी और इस अदालती कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया जाएगा।

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने सोमवार को मामले में संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस मामले को संविधान पीठ के समक्ष विचार के लिए भेजने का फैसला सुनाया। शीर्ष

- **मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की बैंच ने सोमवार को मामले में संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद इस मामले को संविधान बैंच के समक्ष विचार के लिए भेजने का फैसला सुनाया।**

अदालत ने यह भी कहा कि संविधान पीठ 18 अप्रैल से इस मामले की सुनवाई शुरू करेगी।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने संक्षिप्त सुनवाई के बाद कहा, हम संविधान के अनुच्छेद 145 (3) का इस्तेमाल करेंगे और पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ द्वारा इस मामले का फैसला किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने संविधान पीठ के समक्ष मामले को अंतिम सुनवाई के लिए भेजते हुए कहा कि सम्मान के साथ जीने के अधिकार सहित विभिन्न अधिकारों के परस्पर प्रभाव के मद्देनजर यह मुद्दा मौलिक महत्व का है।

केंद्र सरकार का पक्ष रख रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत के समक्ष तर्क देते हुए कहा कि प्रेम, अभिव्यक्ति और पसंद की स्वतंत्रता के अधिकार को पहले ही उच्चतम न्यायालय द्वारा मान्यता दी जा चुकी है। कोई भी उन अधिकारों में हस्तक्षेप नहीं कर रहा है, लेकिन जहां तक विवाह का अधिकार प्रदान करने का सवाल है यह तो विधायिका के विशेष क्षेत्र में आता है।

मेहता ने हालांकि कहा कि यदि एक मान्यता प्राप्त संस्था के रूप में विवाह समान लिंग के बीच आता है तो गोद लेने पर सवाल आएगा और इसलिए संसद को बच्चे के मनोविज्ञान के मुद्दे को देखना होगा।

## 'इलाहाबाद...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मस्जिद हाई कोर्ट और यू.पी. सुन्नी सैंट्रल वक्फ बोर्ड की याचिका खारिज कर दी जिसने इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नवम्बर 2017 के आदेश को चुनौती दी थी।

जस्टिस एम.आर. शाह और सी.टी. रवि कुमार की बैंच ने याचिकाकर्ताओं को अनुमति दी कि मस्जिद के लिए आसपास अन्य जमीन मांगने के लिए आवेदन कर सकते है। कोर्ट ने कहा कि यह जमीन लीज़ पर या और लीज़ खत्म हो चुकी है इसलिए याचिकाकर्ता इस पर दावा नहीं कर सकते है।

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो मस्जिद प्रबंध समिति के वकील हैं, ने कहा कि यहां पर 1950 के दशक से ही मस्जिद है और इसे हटाने के लिए नहीं कहा जा सकता है। बैंच ने कहा कि लीज़ खत्म होने के बाद मस्जिद को हटाने के लिए कहा गया है।

# भारत को एक साथ मिली दो ऑस्कर पुरस्कार जीतने की खुशी

## ''आर.आर.आर.'' फिल्म के गाने नाटू-नाटू को बैस्ट ओरिजनल सॉन्ग कैटगिरी में तथा ''द एलिफैंट विस्परर्स'' फिल्म को बैस्ट डॉक्यूमैंटरी शॉर्ट फिल्म का ऑस्कर अवॉर्ड प्राप्त हुआ है

नई दिल्ली, 13 मार्च (वार्ता)। भारत की झोली इस बार ऑस्कर पुरस्कारों से भर गई है, एक साथ भारत को दो ऑस्कर अवॉर्ड प्राप्त हुये हैं। फिल्म ''आर.आर.आर.'' के नाटू-नाटू सॉन्ग को बैस्ट ओरिजनल सॉन्ग का ऑस्कर अवॉर्ड मिला है। इसके अलावा द एलिफेंट व्हिस्परर्स ने सोमवार को 95वें अकादमी पुरस्कारों में बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म का पुरस्कार जीता। द एलिफेंट व्हिस्परर्स फिल्म का निर्माण गुनीत मोंगा ने और निर्देशन कार्तिकी गोंजाल्विस ने किया है।

इस लघु फिल्म की प्रतिस्पर्धा हॉलआउट, द मार्था मिशेल इफेक्ट, स्ट्रेंजर एट द गेट, और हाउ डू यू मेज़र ए ईयर से थी।

- **ऑस्कर अवॉर्ड्स में जीत का परचम लहराने वाली डॉक्यूमैंटरी फिल्म द एलिफैंट विस्परर्स की हर ओर तारीफ हो रही है। ऑस्कर अवॉर्ड जीतने के बाद फिल्म सोशल मीडिया पर छाई हुई है। 39 मिनट की इस फिल्म में इंसान और जानवर के बीच के खूबसूरत रिश्ते को दिखाया गया है।**
- **''द एलिफैंट विस्परर्स'' फिल्म मात्र 39 मिनट की है लेकिन इसे बनाने में फिल्म की टीम को 5 साल मेहनत करनी पड़ी है।**

ऑस्कर अवॉर्ड्स में जीत का परचम लहराने वाली डॉक्युमेंट्री शॉर्ट फिल्म द एलिफेंट व्हिस्पर्स की हर ओर तारीफ हो रही है। ऑस्कर अवॉर्ड जीतने के बाद फिल्म सोशल मीडिया पर छाई हुई है। 39 मिनट की इस फिल्म में इंसान और जानवर के बीच के खूबसूरत रिश्ते को दिखाया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस मूवी को बनाने का सफर काफी दिलचस्प रहा है।

द एलिफेंट व्हिस्पर्स को कार्तिकी गोंजाल्विस ने डायरेक्ट किया है, जबकि इसकी प्रोड्यूसर गुनीत मोंगा हैं। कुछ मिनटों की इस फिल्म की कहानी दक्षिण भारतीय कपल बोमन और बेली की है, जो रघु नाम के छोटे अनाथ हाथी की देखभाल करते हैं। इस डॉक्युमेंट्री फिल्म को तमिल भाषा में बनाया गया है, जिसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

कहने को तो द एलिफेंट व्हिस्पर्स 39 मिनट की पिक्चर है। लेकिन इसे बनाने में कार्तिकी गोंजाल्विस और गुनीत मोंगा ने पूरे पांच साल तक मेहनत की है। फिल्म की डायरेक्टर ने पांच साल तक बोमन और बेली की जिंदगी को करीब से देखा। छोटी से छोटी किसी भी जानकारी को बारीकी से गौर किया, जिसका परिणाम यह मिला कि उसे बड़ी ही खूबसूरती से फिल्म में दिखाया गया।

द एलिफेंट व्हिस्पर्स 8 दिसंबर, 2022 को रिलीज हुई थी। इस मूवी में इंसान और बेबी एलिफेंट के बीच की बॉन्डिंग को दिखाया गया है। कैसे एक कपल हाथी को अपने बच्चे की तरह पालता है, उसकी देखभाल करता है।

## तेलंगाना में ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

का सामना पार्टी के बहुत सारे पुरुष और महिलाएं कर रहे हैं।

जिस दिन केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह हैदराबाद आये तथा उन्होंने सभी नेताओं को मिलकर पार्टी के लिये काम करने के निर्देश दिये थे, उसके एक दिन बाद ही भाजपा के एक अन्य नेता ने सवाल खड़ा किया था कि ये ऐसी चीजें हैं जिनके लिये हम कांग्रेस की आलोचना करते हैं तो फिर हम वैसा ही काम कैसे कर सकते हैं।

एक राजनैतिक विश्लेषक का कहना है कि राज्य में विभिन्न पार्टियों के लोगों का भाजपा में शामिल होना यह तो दर्शाता है कि भाजपा की अंदरूनी बनावट और बुनावट में कुछ फर्क तो है। लेकिन अब भाजपा के अंदरूनी मतभेद भी सामने आ रहे हैं। राजनैतिक विश्लेषक ने कहा कि अगर भाजपा सावधान न रही तो वह अपनी वो संभावनाएं गँवा बैठेगी, जो तेलंगाना में शानदार से भी बेहतर नज़र आ रही हैं। इस बीच, शेखर राव और अरविन्द ने बान्डी संजय की उन अशोभनीय टिप्पणियों की कड़ी आलोचना की है जो उन्होंने के.सी.आर. की पुत्री के. कविता के खिलाफ की थीं। बान्डी संजय ने तेलुगू में कहा था, ''ई.डी. उन्हें गिरफ्तार ही करेगा और क्या, उन्हें चूमेगा?'' संजय की यही वो टिप्पणी है जो भाजपा नेताओं को भी नागवार गुजरी है। इसी सिलसिले में, राज्य महिला आयोग ने बान्डी संजय को एक नोटिस जारी कर दिया है तथा उन्हें 15 मार्च को आयोग में तलब किया है।

**सलेक्टिव मीडिया, कोटा के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी रोड, कोटा से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक**-राजेश शर्मा आर.एन.आई. नं. 28446/75, **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908




Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**KOTA: NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR: NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619).

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)

*T&C apply. Offers may vary across variants. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time. Smart Finance available only in select cities. Creative Visualization. Black Glass on vehicle is due to lighting effect. ^For details on funcioning of safety features including air bag,, kindly refer to the Owners manual.